इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -226 राजनांदगांव, बुधवार 03 जुलाई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## हाथरस में सत्संग कार्यक्रम में भगदड़, 122 मरे, 18 घायल

हाथरस। उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के सिकंदराराऊ क्षेत्र में मंगलवार को एक सत्संग कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से कम से कम 122 लोगों की मृत्यु हो गयी। मरने वालों के ज्यादातर महिलायें शामिल हैं। राज्य के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने देर शाम पत्रकारों को बताया कि अभी तक की प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में 122 लोगों की मृत्यु हुयी है जबकि 18 घायल है। मृतकों में सात बच्चे और एक पुरुष के अलावा अन्य महिलायें है। मृतकों में 72 की शिनाख्त हो चुकी है।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि अपर पुलिस महानिदेशक आगरा और अलीगढ़ की मंडलायुक्त को प्राथमिक जांच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जांच में जो तथ्य प्रकाश में आयेंगे, उसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। अलीगढ़ की मंडलायुक्त ने कहा कि घायलों का इलाज अलीगढ़ में चल रहा है। मामले की प्रारंभिक जांच के बाद अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि कार्यक्रम की अनुमति जिला प्रशासन से ली गयी थी मगर अभी यह जांच का विषय है। आयोजकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जायेगी। मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लेते हुये मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत तमाम उच्च अधिकारियों को हाथरस भेजा है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये है।



मुख्यमंत्री खुद राहत एवं बचाव कार्य की पल पल की जानकारी ले रहे हैं। उन्होने हादसे के कारण की जांच के लिये अपर पुलिस महानिदेशक आगरा और अलीगढ के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया है। समिति 24 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेगी। उन्होने हादसे में मृतकों के परिजनों को दो दो लाख रुपसे और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि जारी करने के निर्देश दिये हैं। योगी ने कहा कि घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। स्थानीय आयोजकों ने 'भोले बाबा' का एक कार्यक्रम आयोजित किया था। कार्यक्रम के बाद, जब सत्संग के प्रवचनकर्ता मंच से नीचे आ रहे थे, तभी अचानक भक्तों की भीड़ उनकी ओर दौड़ने लगी उन्हें छूने के लिए और जब 'सेवदारों' ने उन्हें रोका, तो वहां यह हादसा हो गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### हादसा या साजिश, दोषियों को नहीं बख्शेंगे: योगी



लखनऊ। हाथरस हादसे से दुखी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार इस घटना की तह में जाकर साजिशकर्ताओं और जिम्मेदारों को उचित सजा देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पूरी घटना की जांच करा रही है। हम इसकी तह में जाएंगे और देखेंगे कि यह हादसा है या साजिश। योगी ने घटना पर राजनीति करने वाले दलों को भी फटकार लगाते हुए कहा कि इस प्रकार की घटना पर पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बजाए राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी। यह समय पीड़ितों के घावों पर मरहम लगाने का है, पीड़ितों के प्रति संवेदना का है। सरकार इस मामले में पहले से संवेदनशील है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## हिंदुओं को हिंसा फैलाने वाला बताना गहरी साजिश : मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर मंगलवार को आरोप लगाया कि उन्होंने सदन में हिंदुओं को हिंसा फैलाने वाला कहा है और यह काम बहुत बड़ी साजिश के तहत बहुत सोच समझ कर किया है, इसलिए हिंदुओं को भी अब इस बारे में सोच विचार करना पड़ेगा।

श्री मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हिंदुओं को हिंसक बताना बहुत गंभीर बात है और इसमें कोई गहरी साजिश हिंदुओं के खिलाफ नजर आ रही है। हिंदुओं को हिंसक कहा जा रहा है, अपमानित किया जा रहा है और गाली दी जा रही है। हिंदुओं को गाली देने का चलन बनाया जा रहा है इसलिए इस बारे में हिंदुओं को भी सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा, गंभीर बात है कि आज हिंदुओं पर हिंसा फैलाने का आरोप लगाने की साजिश हो रही है। इस तरह के आरोप लगाने के गंभीर षड्यंत्र हो रहे हैं। क्या हिंदू हिंसक होता है। क्या यह आपकी यही सोच है, क्या यह आपकी नफरत है। क्या यही है आपका संस्कार। देश सदियों तक इस आरोप को भूलने वाला नहीं है। देश हिंदुओं को हिंसा फैलाने वाला कहकर संबोधित करने वालों और हिंदू आतंकवाद जैसे शब्द गढने की कोशिश करने वालों को भूलेगा नहीं और हिंदुओं को अपमानित करने वाले शब्दों के लिए देश माफ नहीं करेगा।

श्री मोदी ने कहा, सोची समझी रणनीति के तहत हिंदू संस्कृति, परंपरा को गाली दी जा रही है, हिंदुओं का मजाक उड़ाया जा रहा है, मजाक उड़ाने को फैशन बनाया जा रहा है और अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस तरह के काम हो रहे हैं। देश का बच्चा-बच्चा जानता है कि ईश्वर का हर रूप दर्शन के लिए होता है। ईश्वर का रूप निजी स्वार्थ के लिए और प्रदर्शन के लिए नहीं होता। यह प्रदर्शन हमारे देश के लोगों को गहरी चोट पहुंचा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह से जब हिंदुओं को अपमानित किया जा रहा है, उन्हें हिंसा फैलाने वाला बताया जा रहा है तो अब हिंदू समाज को भी सोचना पड़ेगा कि उसका इस तरह से मजाक क्यों उड़ाया जा रहा है।

## मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर



नारायणपुर (दावा)। नक्सल आपरेशंस में एक बार फिर जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है। जवानों ने 5 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। जिला नारायणपुर अन्तर्गत माड़ के कोहकमेट थाना के क्षेत्र में चल रही मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। इलाके में अभी भी संयुक्त अंतर्जिला नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

जानकारी के मुताबिक अब तक मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में कम से कम 05 माओवादी के मारे जाने व अनेक माओवादियो के घायल होने, माओवादियो के डेरे से बड़ी मात्रा में आर्म्स-एम्युनेशन भी बरामद की प्रबल संभावना बताया जा रहा है। अन्तर्जिला संयुक्त अभियान में डीआरजी, एसटीएफ, बीएसएफ एवं आईटीबीपी का बल है शामिल, वहीं सभी जवान सुरक्षित है। सर्च अभियान जारी है।

## 'युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी'

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक मामले में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अत्यंत गंभीर है।



श्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए लोकसभा में कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा में अनियमिता के मुद्दे का राष्ट्रपति जी (श्रीमती द्रौपदी मुर्मु) ने अपने अभिभाषण में भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा, मैं देश के हरेक नौजवान और विद्यार्थियों से कहना चाहता हूं कि सरकार ऐसा घटनाओं को रोकने के लिए अत्यंत गंभीर है। अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए सरकार की ओर से युद्धस्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कतई छोड़ा नहीं जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि नीट मामले को लेकर देशभर में गिरफ्तारियां की जा रही हैं। केंद्र सरकार नकल रोकने के लिए पहले ही एक कड़ा कानून बना चुकी है। पूरी परीक्षा प्रणाली को पुख्ता बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे को लेकर सरकार पर तीखा हमला किया था। विपक्ष की ओर से कहा गया कि पिछले सात सात में 70 से अधिक घटनाएं हुयीं है, जिसमें दो करोड़ से अधिक विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं।

### बालक बुद्धि को कौन समझाए कि मौसी, पार्टी की लुटिया इसी ने डुबोई- पीएम का राहुल पर तंज

प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव बाद कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी को शोले फिल्म की मौसी से जोड़ा। उन्होंने कहा कि आप सबको शोले फिल्म की वो मौसी जी याद होंगी। तीसरी बार तो हारे हैं पर मौसी ये बात तो सही है पर मौसी मोरल जीत तो है न...। अरे मौसी, 13 राज्यों में जीरो सीटें आई हैं पर हीरो तो हैं न.. अरे पार्टी की लुटिया तो डुबोई है' अरे मौसी पार्टी अभी भी सांसें तो ले रही हैं'। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं कांग्रेस के लोगों को कहूंगा जनादेश को फर्जी जीत के जश्न में मत दबाओ। जनादेश को फर्जी जीत के नशे में मत दबाओ। ईमानदारी से देशवासियों के जनादेश को जरा समझने की कोशिश को और उसे स्वीकार करो। आपकों बता दें कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शोले मूवी के उस फेमस सीन का जिक्र करते हैं जिसमें जय अपने दोस्त वीरू के लिए उसकी प्रेमिका बसंती की मौसी के पास रिश्ता लेकर जाता है और सारी कमियों को गिनाने के बाद कहता है कि लड़का हीरा है। फ़िल्म के इस दृश्य की तर्ज पर प्रधानमंत्री मोदी भी कांग्रेस के हार की सारी वजहें गिनाते हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अपील

## स्कूल में बच्चे और शिक्षक 'एक पेड़ अपनी मां के नाम' लगाएंगे

**स्कूल शिक्षा विभाग ने कलेक्टरों को जारी किए निर्देश**



रायपुर (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात में देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने के आह्वान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने की अपील की है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। इसमें पालकों और शिक्षकों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौध रोपण हो सकेगा। चूंकि सभी मां के नाम पर पेड़ लगाएंगे अतएव इसकी रख-रखाव भी बढ़ी जिम्मेदारी से हो सकेगी। मुख्यमंत्री की अपील के अनुपालन में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने समस्त कलेक्टरों को विभागीय निर्देश जारी कर दिए हैं। अपने निर्देश में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय की मंशा के अनुरूप हरियाली का दायरा बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर काम करना है। चूंकि छात्र-छात्राएं देश का भविष्य है। अतः इन्हें जोड़कर पर्यावरण संरक्षण के लिए भी उपयोगी कार्य किया जा सकता है। निर्देशों के अंतर्गत ऐसे स्कूल जहाँ अहाता है, उनके किनारे-किनारे छायादार पेड़ जैसे नीम, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुन आदि लगाये जाने कहा गया है।

विद्यार्थी, शिक्षक तथा पालक अपने द्वारा लगाए गए पौधे का वृक्ष बनते तक पालन पोषण एवं सुरक्षा करेंगे। पौधारोपण हेतु उचित ऊँचाई के पौधे वन विभाग से प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करने कहा गया है। पौधारोपण हेतु उचित मापदण्ड के गड्ढे कराने तथा आवश्यक मात्रा में मिट्टी एवं खाद स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने कहा गया है। पौधारोपण शाला प्रवेश उत्सव के दौरान किया जाएगा। इस हेतु जिले का शालावार कलेण्डर तैयार किया जाएगा। विद्यालयों में पौधारोपण के दौरान जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। पौधारोपण के समय शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं से पौधों को सुरक्षित रखने बाबत् शपथ ग्रहण भी कराएं जाने के निर्देश दिए गए हैं।




## इलेक्ट्राल बांड खरीदने वाली 1300 कम्पनिया मुश्किल में




नई दिल्ली। फरवरी 2024 में 18 वीं लोकसभा के चुनाव पूर्व इलेक्ट्राल बांड को लेकर देश भर में भारी हंगामा हुआ था। चुनाव आयोग के द्वारा दान देने वाली कम्पनियों का डाटाज सार्वजनिक किया गया था। इसके पहले, सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्राल बांड को असंवैधानिक घोषित कर तमाम डाटाज इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया था। इलेक्ट्राल बांड खरीदने वाली 1300 कम्पनियां अब टैक्स विभाग के रडार पर हैं।

**टैक्स विभाग ने इन्फोसिस, एमईआरएल एयरटेल और टारेण्ट फार्मा को दिया नोटिस**

राजनैतिक दलों को चुनावी बांड को चुनावी बांड के द्वारा दान देने वाली लगभग 1300 कम्पनियों ने टैक्स विभाग के अधिकारियों की नोटिस मिलना शुरू हो गई हैं। अखबारी समाचार के अनुसार कई कम्पनियों को इलेक्ट्राल बांडस के जरिए दान देने के लिए नोटिस जारी हुई हैं।

जिसकी सूची में इन्फोसिस, एम्बेसी ग्रुप, मेघा इंजीनियरिंग, आदित्य बिरला ग्रुप, जे.एस. डबलू. स्टील, टोरेंट फार्मा, लुपीन, इन्टास, भारती एयरटेल और एलेम्बिक फार्मास्युटिक्ल्स जैसी प्रतिष्ठित कम्पनियों का समावेश होता है। इन तमाम कम्पनियों ने स्टेट बैंक के पास से इलेक्ट्राल बान्ड खरीदी था। जनवरी 2018 में शुरू हुई इलेक्ट्राल बांड योजना के द्वारा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भोले बाबा... सफेद सूट-बूट पहचान, खुद की आर्मी; यूपी पुलिस से बर्खास्त हुए तो बाबा बने

हाथरस। मंगलवार 2 जुलाई को हाथरस में एक सत्संग में भगदड़ मच गई, जिसमें अब तक 122 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। नारायण साकार हरि बाबा ने 1999 में यूपी पुलिस की नौकरी से इस्तीफा देकर उपदेश और आध्यात्मिकता का मार्ग अपनाया था। उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार 2 जुलाई को पुलराई गांव में स्वयंभू बाबा भोले बाबा के 'सत्संग' (धार्मिक सभा) में भगदड़ मच गई, जिसमें 100 से ज्यादा लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। पंडाल में भीड़ अधिक होने के कारण भगदड़ मच गई क्योंकि हजारों लोग भोले बाबा के स्वागत समारोह में शामिल होने के लिए एकत्र हुए थे।




### भोले बाबा जिनके सत्संग में मची भगदड़

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भोले बाबा संत के रूप में प्रसिद्ध नारायण साकार हरि, भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान का उपदेश देने और उन्हें सांसारिक सुखों और भ्रमों से परे जाकर भगवान के प्रति समर्पित होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक रूप से जाने जाते हैं। अपनी सभाओं में सफेद थ्री-पीस सूट पहने, वह एटा जिले के बहादुर नगरी से आते हैं। भोले बाबा ने आध्यात्मिकता की राह पर आगे बढ़ने के लिए 1990 में इस्तीफा देने से पहले यूपी पुलिस के खुफिया विभाग में काम किया था।

### 26 साल पहले छोड़ी सरकारी नौकरी

भोले बाबा एटा जिले की पटयाली तहसील के बहादुर नगरी गांव का रहने वाला है। 26 साल पहले (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## 'कई बार खून का घूंट पीकर रह जाता हूं, लेकिन अब और बर्दाशत नहीं', धनखड़ का खरगे पर तीखा प्रहार



नई दिल्ली। संसद सत्र के दौरान मंगलवार को राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी तकरार देखने को मिली। खरगे की टिप्पणी से आहत सभापति ने उनके बर्ताव के लिए न सिर्फ अपनी नाखुशी दर्ज कराई, बल्कि यह भी कहा कि उनके पास सहनशक्ति बहुत है, वह कई बार खून का घूंट पीकर रह जाते है, लेकिन अब और बर्दाश्त नहीं।

### धनखड़ और खरगे के बीच तकरार

इतिहास गवाह है कि खरगे ने इस पीठ का और उनका अब तक कितनी बार अपमान किया है। सभापति धनखड़ और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के बीच यह तकरार तब हुई, जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में चर्चा चल रही थी। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी बोल रहे थे। उन्होंने सरकार पर जनता को लूटने और अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया।

### धनखड़ का जयराम पर तंज

इस पर धनखड़ ने उन्हें टोका और कहा कि वह जो भी कह रहे हैं उसका कोई प्रमाण है। वह कोई जवाब देते इससे पहले जयराम रमेश ने खड़े होकर सभापति को इसके लिए टोका। इस पर सभापति ने व्यंगात्मक लहजे में कहा कि मुझे लगता है कि जयराम ज्यादा बुद्धिमान और ऊर्जावान है। उनका शीर्ष नेतृत्व यहां मौजूद हैं, ऐसे में उन्हें खरगे जी की जगह ले लेनी चाहिए।

### खरगे पर झूठ का आरोप

उनके यह कहते ही खरगे तिलमिलाकर अपनी सीट से उठे और कहा कि आप मुझे क्या कहना चाह रहे हैं। मैं कमजोर हूं, थका हुआ हूं। किसी को नीचा दिखाने के लिए ऐसी टिप्पणी ठीक नहीं है। इसके बाद विवाद बढ़ गया। सभापति धनखड़ ने इस पर खरगे पर शब्दों को तोड़ मरोड़कर पेश (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीट परीक्षा मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 8 जुलाई को होगी सुनवाई, लग रहीं ताबड़तोड़ याचिकाएं; मामला गरमाया

नई दिल्ली। विवादों से घिरी मेडिकल में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आठ जुलाई को सुनवाई करेगा।

इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर आठ जुलाई के लिए अपलोड वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट-यूजी आयोजित की जाती है।

## 2000 की 7581 करोड़ नोट अभी भी लोगों के पास: रिजर्व बैंक



मुंबई। गत सोमवार को रिजर्व बैंक ने जानकारी दी थी कि 2000 मूल्य की नोटों में 97.87 प्रतिशत बैंकिंग सिस्टम में वापस आ गई है। शेष बाहर उठी हुई नोटों में से 7581 करोड़ की नोटें अभी भी लोगों के पास है। 10 नवंबर 2016 के दिन आरबीआई ने चलन में आई नोटों में से 2000 मूल्य की बैंक नोट वापस करने की घोषणा की थी। चलनी 2000 रू. की नोटों का कुल मूल्य जो 19 मई 2023 के दिन व्यापार के अंत में 3.56 लाख करोड़ की थी, वह 28 जून, 2024 के दिन व्यापार बंद होते ही घटकर 7581 करोड़ का हो गया है।

# शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था का दिख रहा नजारा

## ठेका होने तक प्लेसमेंट कर्मचारी करेंगे सफाई



राजनांदगांव (दावा) शहर के 27 वार्डों का सफाई ठेका नहीं होने के चलते शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़कों पर कूड़े कचरे फैलने व नालियों के साफ नहीं होने फैलते प्रदूषण के नजारे देखने को मिल रहे हैं। बता दें कि सोमवार को महापौर हेमा देशमुख ने एमआईसी की बैठक बुलाई थी जिसमें शेष विषयों को तो पास कर दिया गया, लेकिन 29 वार्डों कुछ सफाई ठेके की फाइल पर मुहर नहीं लगाई गई।

अब निगम प्रशासन इन वार्डों के ठेके तक इन वार्डों में प्लेसमेंट कर्मचारियों से सफाई करवाएंगे। कई वार्डों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। नालियां कचरे से जाम है। जिससे दुर्गंध उठ रही है। आलम यह कि बीच सड़क में कीचड़ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मवेशियों सड़कों पर जमावड़ा लगाए बैठी हुई है। जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

बताते चलें कि निगम में चल रहे पूरा विवाद सफाई ठेके में बंटवारे को लेकर है। कांग्रेस और भाजपा के बीच ठेका के लिए वार्डों की संख्या में सहमति नहीं बनी। इसी के चलते विवाद बढ़ता चला गया। इधर प्रदेश में भाजपा की सत्ता शासन आने के बाद भाजपाइयों के हौसले बुलंद हैं। वहीं पहले से सफाई ठेके में अपना हाथ सेंकने वाले कांग्रेसी पार्षद भी वार्डों की संख्या के आधार पर पीछे हटने तैयार नहीं है। अंदर खाने इस विवाद को सुलझाने के लिए नेताओं के बीच चर्चा जारी है। ठेका में बंटवारे की स्थिति सुलझने के बाद सफाई ठेके की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती हैं। तब तक शहरवासियों को शहर के वार्डों मुहल्लों वह सड़कों सहित गली कूचों में कचरा गंदगी का अंबार देखते रहना पड़ेगा।

### स्टेडियम में भ्रष्टाचार का गड्ढा

शहर का दिग्विजय स्टेडियम अमेरिका के व्हाइट हाउस से कम नजर नहीं आता। इसे बनाने में करोड़ों रुपए खर्च हुए हैं। मात्र ग्राउंड को तीन बार रिपेयरिंग किया गया है जिसमें लगभग 66 लाख रुपया खर्च हुआ है इसके बाद भी है स्टेडियम का ग्राउंड धंस गया है। ग्राउंड के 6 फीट तक गहरा धसने के कारण खिलाड़ियों के खेल में रुकावट पैदा हो रही है। इससे क्रिकेट प्रेमियों के लिए निराशा ही हाथ लगी है। क्रिकेट के शुभचिंतक सिर्फ स्टेडियम से गोलमाल कर रहे हैं। ग्राउंड में मेंटनेंस के नाम पर लाखों रुपया डकार लिए गए हैं। अब कोई इसकी सूध लेने वाला नहीं है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल को लेकर शहर का शान बना रहा दिग्विजय स्टेडियम अब अपने कर्ताधर्ताओं द्वारा ही इसकी शान में बट्टा लगाने का काम कर रहे कहें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। बहरहाल नगर निगम प्रशासन व स्थानीय प्रशासन दोनों शहर के मामले में बहुत अच्छा करते दिख नहीं रहे हैं।

## सनातन धर्म महासभा ने हिन्दुओं को हिंसक कहे जाने पर कड़ा विरोध दर्ज कर घोर निन्दा की



राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने संसद के इस मंदिर में सांसद राहुल गाँधी द्वारा जो हिन्दुओं को हिंसक कहा गया और यह कहा गया है कि जो अपने आप को हिन्दु समझते है वे हिंसक होते है इन शब्दो की सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक कड़े शब्दो में विरोध करते हुए घोर निन्दा की है और राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित किया है कि संसद के इस मंदिर में राहुल गाँधी से माफी मंगवाए और अपने कहे गए शब्दों को वापस लें। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने यह भी बताया कि राहुल गांधी को इस तरह की अशोभनीय भाषा शैली का प्रयोग नही करना चाहिए जिससे सभी सनातनी बंधु व सर्व हिन्दू समाज को आघात पहुंचे।

प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने यह भी बताया कि हिन्दु समाज कभी भी हिंसक नही होता। पूरे हिन्दुस्तान में हिन्दु समाज ही ऐसा संगठन है जो सभी को एक धागे की तरह सूत्र में बांधता है। इसलिए सभी हिन्दू गर्व और घमण्ड से कहते है हम हिन्दू है, और वे सोए नही है बल्कि जागे हुए हैं और यह भी कहा है कि कोई भी राजनीतिक पार्टियों को किसी भी धर्म के बारे में गलत टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। अतः राहुल गाँधी को उनके बयान की सनातन धर्म महासभा कड़ा विरोध करते हुए संसद सदन में माफी मांगने को कहा और उनके भाषा शैली की कड़े विरोध करते हुए घोर निन्दा की है।

## कलेक्टर ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर से जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा तथा लोगों को इसके उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगा।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन दो चरणों में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 27 जून से 10 जुलाई तक दम्पत्ति संपर्क पखवाड़ा का भी आयोजन हो रहा है, जिसमें परिवार नियोजन संबंधित जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पखवाड़ा का द्वितीय चरण अंतर्गत 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थायी एवं अस्थायी साधनों के उपयोग हेतु परामर्श एवं दोनों सुविधा प्रदाय की जाएगी। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री भुमिका वर्मा, जिला आरएमएनसीएचए कंसल्टेंट डॉ स्नेहा जैन उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### एसबीआई बैंक द्वारा ग्राम बरगाही में किया गया पौधरोपण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर बैंकर्स द्वारा जिले में पौधरोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बरगाही में पौधरोपण किया गया। सभी ने पौधरोपण कर पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक वरूण शुक्ला, सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती संगीता राव, शाखा प्रमुख वजीर कुरैशी, उप सरपंच मनीष साहू सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### श्रीमती चंचल तिवारी समाज सेवक संघ की छ.ग. की प्रदेश अध्यक्ष बनीं



राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. कु. स्वाति देवांगन ने संघ के संयोजक संजीव सिंघल की अनुशंसा पर छुईखदान निवासी जुझारू समाज सेवी श्रीमती चंचल तिवारी को संघ का छत्तीसगढ़ प्रांत का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पूर्व प्रांतायक्ष श्रीमती ममता हुड्डा को उन्होंने हरियाणा प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है।

### कैंसर एवं अन्य बीमारियों के संबंध में दी गई जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के पैथालॉजी विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय सीएमई थाइराइड से होने वाले कैंसर एवं अन्य बीमारियों के संबंध में कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुम्बई के डॉ. असितावा मण्डल, तिरूनेलवेली के डॉ. के स्वामीनाथन, सुरत के डॉ. मनोज कहार, एम्स रायपुर के डॉ. एन हुसैन, एम्स कल्याणी के डॉ. एसके मण्डल, सीसीएम कचान्दुर (दुर्ग) के डॉ. जयन्ती चन्द्राकर, रायपुर के डॉ. एफएम पटेल, अधिष्ठाता डॉ. रेणुका गहिने एवं प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा कुजूर द्वारा कैंसर एवं अन्य बीमारियों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. चन्द्रशेखर इन्दौरिया, डॉ. रूबी साहू, डॉ. निकिता पारख, डॉ. जलज गौतम, डॉ. ज्योति चौधरी, डॉ. रिंकू सिंह, डॉ. विवेक राठिया सहित विभाग के अन्य कर्मचारी सर्वश्री राम नरेश पंचकपट, चुमेश साहू, कमलेश निषाद, कौशल प्रसाद साहू, मुकेश ध्रुव, रामेश्वरी सिंह, मेडिकल लैबटेक्नीशियन श्रीमती धनेश्वरी साहू, लैब अटेण्डेंट एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहें।

## जिला कोशरिया यादव समाज डॉ.रमन से मिले



राजनांदगांव (दावा)। पिछले दिनों जिला कोशरिया यादव महासभा राजनांदगांव के पदाधिकारीगण पूर्व सांसद एवं यादव समाज के गौरव मा.मधुसूदन यादव भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन व पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में रायपुर प्रवास पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से उनके निवास में सौजन्य भेंट करते हुए सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में अपने जिला के साथ साथ प्रदेश स्तरीय प्रमुख पांच माँगो को रखते हुए विस्तार से चर्चा किये। चर्चा के दौरान डा.रमन सिंह ने भी समाज हित में उचित समझते हुए मंत्री मंडल के बीच रखने की बात करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से साझा करने की बात कही। यादव समाज हित प्रमुख पांच मांगों में जिला मुख्यालय में सर्व सुविधा युक्त सामाजिक भवन के साथ साथ समाज के निर्धन छात्रों के लिए आवासीय छात्रावास निर्माण, प्रदेश स्तर पर प्रमुख चार मांगो में

छ.ग.के वनांचल क्षेत्रों में वर्षो से शासकीय भूमि में निवासरत यादवों की जमीन का शासन द्वारा पट्टा प्रदान कर भू स्वामी का अधिकार दी जाय। 2. छ.ग.राज्य गौ सेवा आयोग में अध्यक्ष का पद केवल यादव समाज के लिए आरक्षित किया जाय। 3. छ.ग.राज्य में यादव बंधुओ को 50 प्रतिशत की छूट पर स्वरोजगार हेतु शासन द्वारा ऋण प्रदान किया जाय। 4. गाँव में सार्वजनिक रूप से गाय, भैस, बकरी चराने वाले चरवाहा यादवों को चिन्हांकित कर उन्हें लोक सेवक मानते हुए कोटवारों की भाँति एक निश्चित मानदेय शासन द्वारा दिया जाये। उक्त माँगों पर निश्चित रूप से विचार करने की बात डॉ. रमन ने कहा है और शासन से उम्मीद भी जागी है।

जिला पदाधिकारीगणों में पद्मश्री फुलबासन यादव (संरक्षक), कार्तिक राम यादव, फगुवाराम यादव (संरक्षक), राधेलाल यादव (उपाध्यक्ष), शीलुराम यादव (कोषाध्यक्ष), महेश यादव (महामंत्री), अनिल यादव (युवा उपाध्यक्ष), दुर्गा प्रसाद यादव, हरीश यादव (जिला कार्यकारिणी) आदि सौजन्य भेंट में उपस्थित थे। निकट भविष्य में पदाधिकारीगण प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे। पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण इसी प्रकार से समाजहित में अपनी सामाजिक एकता का परिचय देते रहेंगे इसके लिए जिला अध्यक्ष कंशुराम यादव ने सामाजिक प्रतिनिधि मंडल के प्रति आभार प्रकट करते हुए प्रसन्नता जाहिर किया है।

## प्रदेश में साय साय चल रहा चोरी और चाकूबाज़ी



**एनएसयूआई ने फूंका मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला**

राजनांदगांव (दावा)। एनएसयूआई ज़िला अध्यक्ष अमर झा ने कहा की बस्तर के लोहंडीगुड़ा निवासी 21 वर्षीय छात्र मंगल मुरिया को राजधानी रायपुर में कुछ अपराधिक तत्वों के लोगों के द्वारा सरेआम पीट-पीटकर मार दिया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ में लगातारा अपराध बढ़ रहे है। जगह जगह नशीली पदार्थ का बिक्री बढ़ गया है। रात में महिलाओं का अकेले निकालना मुश्किल हो गया है, लेकिन सरकार मुक़दर्शक बनकर तमाशा देख रही है।

सरकार की असफलता के कारण पहली बार प्रदेश में आज दिनदहाड़े चोरी, क़त्ल खुलेआम हो रहे है प्रदेश, में गैंगवार जैसे बड़े घटनाएँ होने लगे है। एनएसयूआई प्रदेश सचिव आदित्य वैष्णव और एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष मोहित कोचरे ने कहा कि प्रदेश में बेरोज़गारी बढ़ रही है। बेरोजगारी छत्तीसगढ़ की प्रमुख समस्याओं में से एक है, जिस तेजी से हमारी जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तेजी के साथ हर साल लाखों की संख्या में बच्चे ग्रेजुएट हो रहे हैं। किंतु इतनी संख्या में हर वर्ष नौकरियां उत्पन्न नहीं हो रही है और बेरोजगारी का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है देने में असफल है।

पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, एनएसयूआई प्रदेश सचिव आदित्य वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष मोहित कोचरे, एनएसयूआई जिला महासचिव शशांक डोंगरे, जय प्रकाश साहू, दीपक सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु साहू, जिला सचिव युगल साहू, भोलेंद्र राजपूत, दीनबंधु यदु, हैरी जैन, कैलाश सोनकर, वेदांस, कन्हैया वैष्णव, मुकुल सोनवानी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आज रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 3 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से बीएसीएस एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड कोसा नाला टोल प्लॉजा सुपेला भिलाई जिला दुर्ग द्वारा एचआर (ट्रेनी व एक्जीक्यूटिव), असिस्टेंट व डिप्टी मैनेजर व मैनेजर, ट्रेनी व एक्जीक्यूटिव (बिजनेस डेव्हलपमेंट), कारपेंटर (केवल पुरूष), फिटर (केवल पुरूष), मेशन (केवल पुरूष), वेल्डर (केवल पुरूष), ग्राईन्डर, स्ट्रक्चरल वेल्डर, स्ट्रक्चरल फिटर, रिगर (केवल पुरूष), इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर, लेबर, स्टोर ऑफिसर, बार बेंडर, गैस कटर, असिस्टेंट ऑपरेटर तथा एवं सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर (केवल पुरूषा) पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित आवेदकों को नियोजक द्वारा रहने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

## आयुक्त ने स्वच्छता अपनाने सफाई में सहयोग करने नागरिकों से की अपील



राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज सुबह सफाई व्यवस्था देखने निकल कालोनी एवं जीई रोड में सफाई का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मचारियों से निर्धारित समय तक सम्पूर्ण क्षेत्र में साफ सफाई करने के निर्देश दियें। उन्होंने साफ सफाई रखने, सफाई में सहयोग करने नागरिकों से भी अपील की है। आयुक्त श्री गुप्ता सफाई निरीक्षण में आज जी.ई.रोड, अनुपम नगर, आर.के.नगर, दिग्विजय कालेज रोड में सफाई का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से रूबरू हो निर्धारित समय दोपहर 1 बजे तक साफ सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बरसात में पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है, जिसे ध्यान में रखकर नाली नालों की अच्छे से सफाई करे, कचरा नियमित रूप से उठावे, पानी भरान क्षेत्रों में कच्ची नाली खोदे तथा दवाई का छिडकाव करे, मच्छर न पनपे इसके लिये गड्ढों में जला आईल डाले।

आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा, वार्ड चपरासी से कहा कि वर्तमान में सफाई ठेका निरस्त हो गयी है। जिसके कारण ठेका वार्डो में साफ सफाई प्रभावित न हो इसके लिये निगम के सफाई कर्मी व प्लेसमेंट कर्मी सभी वार्डो में नियमित रूप से सफाई करेंगे। इस संबंध में आप लोग रूप रेखा तैयार कर कर्मचारियों से साफ सफाई करावे, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्रों में सफाई हो सकें। उन्होंने कहा कि सफाई ठेका होते तक सभी वार्डो में कर्मचारियों की पर्याप्त उपस्थिति रहे, बिना कारण किसी भी कर्मचारी को छुटटी न देवें, सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करेंगे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। बरसात में किसी भी प्रकार की सफाई में लापरवाही न हो इसका भी ध्यान रखे, लोगों को भी साफ सफाई के प्रति जागरूक करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि बरसात के दिनों में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका रहती है, जिसे ध्यान में रखते हुये स्वच्छता अपनावे, डेंगू मलेरिया जैसे संक्रामक बीमारी से बचने घरों में पानी जमा न होने दे, पानी उबालकर छान कर पीये, सडे गले खाद पदार्थो का उपयोग न करें, अभी के विषम परिस्थिति में साफ सफाई में निगम को सहयोग करें।

### आम सूचना

मेरे पक्षकार के द्वारा ग्राम बोरी ह. नं. 31 रा.नि.मं. सुकुलदैहान तह. जिला राजनांदगांव की भूमि ख. नं. 359/19 रकबा 0.5180 हे. जो श्रीमती झनकारिन बाई श्रीवास एवं ना.बा. नूतन श्रीवास वलीपालक माता झनकारिन बाई श्रीवास ध.प. खेमचंद के नाम की है। एवं ख.नं. 359/2 रकबा 0.0450 हे. कृषि भूमि श्री खेमचंद श्रीवास के नाम पर है दोनों भूमियों को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। केवल विक्रय पत्रों का निस्पादन शेष है। इस समव्यवहार एवं सौदे में जिस किसी व्यक्ति/संस्था, बैंक को उजर व आपत्ति करना हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्तिमय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर देवें मियाद उपरान्त की गई आपत्ति अवैधानिक मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सूचना जाने...

दिनांक:- 02/07/2024

राजकुमारी शर्मा (अधिवक्ता)
कामठी लाईन (ए.टी.एम.)
राजनांदगांव (छ.ग.)-491441
मो.नं.-98271-84535

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-7-9
123-6 358-6
राजधानी
2-5-0
240-6 890-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, राजनांदगांव (छ.ग.)

पता :- ग्राम- सांकरा रोड, सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.) Email ID- livelihoodcollegerajnandgaon@gmail.com

क्रमांक/4456/जिपलाकॉसो/2024 — राजनांदगांव, दिनांक 01.07.2024

**संक्षिप्त प्रारूप**

।। EOI आमंत्रण सूचना ।।

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सांकरा-सोमनी राजनांदगांव में मुख्यमंत्री/ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं लाईवलीहुड कॉलेज नवीन विनियम के अंतर्गत विभिन्न सेक्टर/व्यवसायों में प्रशिक्षण संचालन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर के चयन हेतु राजनांदगांव जिले के इच्छुक पंजीकृत संस्था/प्रतिष्ठान से मोहर बंद रूचि की अभिव्यक्ति दिनांक 02.07.2024 से दिनांक 22.07.2024 शाम 5.00 बजे तक रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट एवं अन्य माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। रूचि की अभिव्यक्ति का आवेदन पत्र, नियम एवं शर्तें तथा विस्तुत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट https://rajnandgaon.nic.in पर देखी जा सकती है।

सहायक परियोजना अधिकारी,
जिला परि. लाई. कॉलेज सोसायटी
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

संवाद- 40667/2

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

Email id:-sp-kawardha.cg@nic.in Fax: 07741-233222

निविदा क्रमांकः-पुअ/कधा/एसी/202-ए /2024 — **निविदा** — दिनांक 20/06/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिये मुहरबंद निविदाएं 02 लिफाफा पद्धति से (एक अमानत राशि तथा दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा) पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के कार्यालय में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के द्वारा भवन निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाये गये प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र-ए में सक्षम श्रेणी के ठेकेदार से 02 लिफाफा पद्धति से (तकनीकी एवं वित्तीय बीड) लोक निर्माण विभाग/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण यांत्रिकी सेवा/छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल/पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन से पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर पंजीकृत अभिस्वीकृतियुक्त डाक, स्पीड पोष्ट, हाथों-हाथ निविदा आमंत्रित है :-

**निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि** - दिनांक 20.06.2024 से 09.07.2024 तक।
**निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि** - दिनांक 10.07.2024 के शाम 04:00 बजे तक।
**निविदा खोले जाने की तिथि** - दिनांक 10.07.2024 के शाम 05:00 बजे तक।

| स.क्र. | निविदा क्र. | कार्यस्थल एवं कार्य का नाम | यूनिट लागत लाख में |
|---|---|---|---|
| 01 | 202/2024 | सी.ए.एफ/सी.ए.पी.एफ कैंप धनवाही थाना तरेगांव में 02 नग ट्युबलर स्ट्रक्चर बैरक क्र. (5), (6) निर्माण कार्य | 9.00 |
| 02 | 203/2024 | सी.ए.एफ/सी.ए.पी.एफ कैंप धनवाही थाना तरेगांव में 02 नग ट्यूबलर स्ट्रक्चर बैरक क्र. (7), (8) निर्माण कार्य | 9.00 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रति निविदा रू. 1000/- की राशि का चालान पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के नाम से ''लेखा शीर्ष-0055 पुलिस, उप शीर्ष-800 अन्य प्राप्तियॉ'' के नाम से स्वीकार्य होगा। धरोहर राशि प्रति निविदा 13,500= रू. तथा निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' अथवा उससे अधिक होगी। निविदा कार्य की अवधि वर्षा ऋतु सहित कार्यादेश तिथि से 45 दिवस तक की होगी। शेष अन्य जानकारी/शर्तें भी इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, व निविदा फार्म में उपलब्ध करा दिया जावेगा।

जी - 242500747/2

पुलिस अधीक्षक
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-कबीरधाम छ.ग.

Email id:-sp-kawardha.cg@nic.in Fax: 07741-233222

निविदा क्रमांकः-पुअ/कधा/एसी/213..../2024 — **निविदा** — दिनांक 20/06/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिये मुहरबंद निविदाऐ 02 लिफाफा पद्धति से (एक अमानत राशि तथा दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा) पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के कार्यालय में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के द्वारा भवन निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाये गये प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र-ए में सक्षम श्रेणी के ठेकेदार से 02 लिफाफा पद्धति से (तकनीकी एवं वित्तीय बीड) लोक निर्माण विभाग/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण यांत्रिकी सेवा/छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल/पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन से पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर पंजीकृत अभिस्वीकृतियुक्त डाक, स्पीड पोष्ट, हाथो-हाथ निविदा आमंत्रित है :-

**निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि** - दिनांक 21.06.2024 से 10.07.2024 तक।
**निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि** - दिनांक 11.07.2024 के शाम 04:00 बजे तक।
**निविदा खोले जाने की तिथि** - दिनांक 11.07.2024 के शाम 05:00 बजे तक।

| स.क्र. | निविदा क्र. | कार्यस्थल एवं कार्य का नाम | यूनिट लागत लाख में |
|---|---|---|---|
| 01 | 213-ए/2024 | सी.ए.एफ/सी.ए.पी.एफ कैंप कबीरपथरा थाना चिल्फी में 02 नग ट्युबलर स्ट्रक्चर बैरक क्र. (5), (6) निर्माण कार्य | 9.00 |
| 02 | 213-बी/2024 | सी.ए.एफ/सी.ए.पी.एफ कैंप कबीरपथरा थाना चिल्फी में 02 नग ट्यूबलर स्ट्रक्चर बैरक क्र. (7), (8) निर्माण कार्य | 9.00 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रति निविदा रू. 1000/- की राशि का चालान पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के नाम से ''लेखा शीर्ष-0055 पुलिस, उप शीर्ष-800 अन्य प्राप्तियॉ'' के नाम से स्वीकार्य होगा। धरोहर राशि प्रति निविदा 13,500= रू. तथा निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' अथवा उससे अधिक होगी। निविदा कार्य की अवधि वर्षा ऋतु सहित कार्यादेश तिथि से 45 दिवस तक की होगी। शेष अन्य जानकारी/शर्तें भी इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, व निविदा फार्म में उपलब्ध करा दिया जावेगा।

जी - 242500703/4

पुलिस अधीक्षक
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार छठवां सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइहा भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
01st July to 04th July 2024
silver SCREEN




Kalki 2898 AD - 11:00am, 11:30am, 02:30, 03:00, 06:00, 09:00 & 09:15 pm
Chandu Champion (Hindi) - 09:30 pm
Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G) - 12:00 & 03:00 pm
Munjya - 06:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# अंतर्राज्यीय शराब तस्कर से एमपी निर्मित 24 पेटी अंग्रेजी शराब सहित दो चारपहिया जब्त



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने शराब तस्करों एवं अवैध शराब कोचियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को धरदबोचा है। सुकुलदैहान पुलिस व साइबर टीम की संयुक्त कार्यवाही में आरोपियों के पास से एमपी निर्मित 24 पेटी अंग्रेजी शराब व शराब तस्करी में प्रयुक्त दो चारपहिया वाहन की जब्ती की है। बताया जाता है कि उक्त आरोपियों के विरूद्ध पूर्व में थाना सोमनी, भिलाईनगर एवं सुपेला में भी अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस ने आरोपियों के नाम अनिल कुमार वर्मा पिता स्व. शंभूप्रसाद वर्मा उम्र 57 वर्ष निवासी कबीर कुटीर के सामने कवर्धा रोड़ जिला बेमेतरा व रमाशंकर सिंह पिता स्व. अमृत लाल उम्र 54 साल निवासी सुपेला मार्केट भिलाई, जिला दुर्ग बताया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस को मुखबीर सूचना मिलने पर एक जुलाई की रात्रि 11.20 बजे एक स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी-09/जे.एम.-7643 में भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन करते हुए मोहारा डोंगरगढ़ की ओर से ग्राम मकरनपुर होते हुए दुर्ग, भिलाई के लिए निकल रहा है।

तत्काल पुलिस चौकी सुकुलदैहान एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम मकरनपुर से पेण्डी जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी किया गया। कुछ देर बाद पेण्ड्री की ओर से 2 चारपहिया वाहन आते दिखाई दिया। दोनों वाहनों को पुलिस द्वारा रोका गया तब दोनों वाहनों के चालक अपने-अपने गाड़ी को छोड़कर भागने लगे जिसे उपस्थित सायबर सेल एवं सुकुलदैहान पुलिस स्टाफ द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। वाहन क्रमांक महिन्द्रा एसयूव्ही 300 क्रमांक सीजी-25/एम 1025 के चालक से पूछने पर अपना नाम अनिल कुमार वर्मा बताया तथा पीछे से आ रहे स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी-09/जे.एम.-7643 के चालक से पूछने पर अपना नाम रमाशंकर सिंह बताया।

मौके पर विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लिया गया वाहन क्रमांक महिन्द्रा एस.यू.व्ही.300 क्रमांक सी.पी.-25-एम.-1025 में 04 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल 200 पौवा कीमत 23 हजार रू., तथा दूसरे मे 3 पेटी मेक्डावल नम्बर-01 अंग्रेजी शराब 36 बाटल कीमत 35,460/- रू. तथा तीसरे में 3 पेटी रायल स्टेज अंग्रेजी शराब 36 बाटल किमती 44,640 रू., उक्त वाहन से कुल जुमला शराब 10 पेटी किमती 1,03,100 रू. तथा जप्त शुदा चार पहिया वाहन कीमत 8 लाख, 50 हजार रू. कुल कीमत मशरूका 9 लाख 53 हजार 100 रू.बरामद हुआ।

इसी तरह दूसरे वाहन क्रमांक सी.जी.-09-जे.एम.-7643 स्कारपियो को मौके पर विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर, 10 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल 500 पौवा कीमत 57,500 रू.तथा दूसरे मे 04 पेटी रायल स्टेज अंग्रेजी शराब 48 बाटल कीमती 59,520 रू.। उक्त वाहन से कुल जुमला 14 पेटी शराब जुमला कीमत 1 लाख,17 हजार,20 रू. उक्त वाहन किमती 5 लाख रू., कुल कीमत मशरूका 617020 रू. बरामद हुआ। इस प्रकार दोनों वाहनो में कुल 24 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब कीमत 2 लाख 20 हजार 120 रू. एवं दोनों वाहन कीमत 13 लाख 50 हजार रू. कुल जुमला 15 लाख 70 हजार,120/- रू. बरामद किया गया। अवैध शराब के संबंध में दोनों वाहनों को पृथक-पृथक धारा 94 बी.एन.एस.एस. का नोटिस जारी कर जानकारी लिया गया, संदेहियों के द्वारा उपरोक्त अवैध शराब परिवहन करने के संबंध मे कोई वैध दस्तावेज प्रसतुत नहीं करने पर मौके पर विधिवत अवैध शराब तथा घटना मे प्रयुक्त दोनों चारपहिया वाहन को जप्त किया गया।

# राहुल गांधी हिंदू विरोधी: डिप्टी सीएम साव बोले- संसद के नेता प्रतिपक्ष की वजह से 110 करोड़ हिंदू आहत और दुखी

रायपुर(दावा)। सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाषण दिया। उनके द्वारा 'हिन्दू' पर दिए गए बयान से बवाल शुरू हो गया है। इस बवाल की आंच छत्तीसगढ़ तक भी पहुंच गई है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रेस वार्ता में कहा कि 'लगातार तीसरी बार फेल और बार-बार लॉन्च के बावजूद फेल हो चुके राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहला ही भाषण झूठ, निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा हुआ था। इतना ही नहीं, उनका अपने भाषण के दौरान आचरण भी संसदीय गरिमा के अनुरूप बिलकुल भी नहीं था।' पत्रकार वार्ता मे प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल मौजूद रहे।



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि लोक सभा में चर्चा राष्ट्पति के अभिभाषण हो रही थी लेकिन राहुल गांधी ने उस बाबत औपचारिकतावश भी एक शब्द नहीं बोला। सदन में राहुल गाँधी ने केवल और केवल झूठ बोला। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को राहुल गांधी का ज्ञानवर्धन करना चाहिए और समझाना चाहिए कि भारत की संसदीय गरिमा को कम न करें। डिप्टी सीएम साव ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में न केवल हिंदुओं का घोर अपमान किया, न केवल हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा बताया बल्कि अग्निवीर, किसान, अयोध्या, माइक सब पर झूठ और केवल झूठ बोला। राहुल गाँधी को अविलंब हिंदुओं का अपमान करने के लिए और सदन में झूठा बयानबाजी करने के लिए देश की जनता से अविलंब माफी मांगनी चाहिए।

# 31 जुलाई तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर 6.25 प्रतिशत छुट का लाभ लेने करदाताओं से आयुक्त ने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा राजस्व करों की वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। सहायक राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक घर घर जाकर सम्पत्तिकर, समेकितकर व जलकर की वसूली कर रहे है, साथ ही निगम के राजस्व कार्यालय में भी करों का भुगतान लिया जा रहा है। करदाताओं की सुविधा के लिये चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर नियमानुसार छुट का लाभ दिया जा रहा है। इसी कडी में 31 जुलाई तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जावेगी।

इस संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छुट का लाभ दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जा रही है। इसी प्रकार 1 अगस्त 2024 से 30 दिसम्बर 2024 तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक 0 प्रतिशत छुट दी जायेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि जिन करदाताओं के द्वारा सम्पत्तिकर का भुगतान किया जा रहा है, उन्हें नियमानुसार छुट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ करदाता जिन्होंने लम्बे समय से अपने बकाया कर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर व दुकान किराया का भुगतान नहीं कर रहे है, उन्हें नोटिस दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राजस्व अमला निगम के राजस्व कार्यालय के अलावा घर-घर जाकर करदाताओं से करो का भुगतान करने अपील कर रहे है और उनका बकाया कर ले रहे है, इस माह 31 जुलाई तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग करने की अपील की है।

# मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर



नारायणपुर (दावा)। नक्सल आपरेशंस में एक बार फिर जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है। जवानों ने 5 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। जिला नारायणपुर अन्तर्गत माड़ के कोहकमेट थाना के क्षेत्र में चल रही मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। इलाके में अभी भी संयुक्त अंतर्जिला नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

जानकारी के मुताबिक अब तक मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में कम से कम 05 माओवादी के मारे जाने व अनेक माओवादियो के घायल होने, माओवादियो के डेरे से बड़ी मात्रा में आर्म्स-एम्युनेशन भी बरामद की प्रबल संभावना बताया जा रहा है। अन्तर्जिला संयुक्त अभियान में डीआरजी, एसटीएफ, बीएसएफ एवं आईटीबीपी का बल है शामिल, वहीं सभी जवान सुरक्षित है। सर्च अभियान जारी है।

# प्रत्येक शनिवार को गांवों में स्वच्छता जागरूकता अभियान

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्रामों को माह अगस्त 2024 तक ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने संबंधित अधिकारियों को इस लक्ष्य को प्राप्त करने और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन के निर्देश दिए है। उन्होंने स्वच्छता अभियान ग्राम स्तर पर ग्रामीणों को स्वच्छता, ओडीएफ प्लस मॉडल, स्थायित्व, सोख्ता गड्ढा के महत्व, दूषित जल से होने वाली हानियों, कचरें का समुचित निपटान, नारा लेखन, स्वच्छता रैली, स्कूलों की साफ-सफाई सहित अन्य स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता दिवस का आयोजन करने कहा है। ग्रामों में स्वच्छता जागरूकता अभियान अंतर्गत प्रत्येक घर एवं दुकानों से गिला एवं सूखा कचरा संग्रहणकर्ता स्वच्छता दीदीयों को दिये जाने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने, ग्राम और उसके आस-पास के क्षेत्रों में संचालित गुमटी, ठेला, होटल, ढ़ाबा एवं समस्त दुकानों में डस्टबीन रखने हेतु दुकान संचालकों को जागरूक करने, ग्राम स्तर पर श्रमदान सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन तालाब, बाजार, रोड किनारे, बस स्टैण्ड, धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल के पास साफ-सफाई करने, स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाने, जागरूकता रैली निकालने, बच्चों के माध्यम से स्वच्छता प्रश्नोत्तरी, वाद-प्रतिवाद प्रतियोगिता अन्य स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन करने, ग्राम की साफ-सफाई में जन प्रतिनिधियों, महिला समूह के सदस्यों, ग्रामीणों एवं लाईन डिपार्टमेंट के कर्मचारियों को स्वच्छता अभियान में सम्मलित करना एवं उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, ग्राम स्तर पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करने, स्वच्छता के क्षेत्र में ग्राम स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति, संस्था, महिला समूह के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## राजस्व विभाग ने सड़क किनारे लावारिस पड़े लकड़ी के अनेक गोलों को किया जप्त



डोंगरगढ़(दावा)। एसडीएम उमेश पटेल के निर्देश पर नायब तहसीलदार आकांक्षा साहू द्वारा वृक्ष की अवैध कटाई के विरुद्ध अभियान छेड़ रखा है। जिसके तहत तहसील लाल बहादुर नगर के अंतर्गत आने वाले डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रामाटोला, धनडोंगरी, मेढ़ा, नवागांव में अवैध रूप से वृक्ष कि कटाई करके सड़क किनारे रखे गए अनेक गोलों को जप्त कर राजस्व विभाग की टीम ने उसे ग्राम पंचायत को सुपुर्द किया है।

# सीईओ जिला पंचायत ने गौण खनिज रायल्टी वाले ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों की ली बैठक

## गौण खनिज रायल्टी वाले गांव अब आदर्श ग्राम के रूप में होगा विकसित




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में गौण खनिज रायल्टी राशि के उपयोग के संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव की बैठक ली। बैठक में राजनांदगांव जिले की 15 ग्राम पंचायत, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की 1 ग्राम पंचायत एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले की 4 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव शामिल हुए।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि गौण खनिज रायल्टी राशि वाले गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने गौण खनिज से प्राप्त धनराशि का उपयोग ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में करने कहा। उन्होंने गौण खनिज मद की राशि से वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं संवर्धन, पेयजल उपलब्ध कराने से संबंधित कार्य, घाट निर्माण, पचरी निर्माण, भूमि संरक्षण, सड़क निर्माण एवं मरम्मत तथा पुल-पुलिया निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचित सिंह ने भारत शासन एवं राज्य शासन के प्राथमिकता वाले कार्यो की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत जल संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से करें।

उन्होंने ओडीएफ प्लस गांव के निर्माण पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में परक्यूलेशन टैंक, सोख्ता गढ्ढा का निर्माण, फेल बोरवेल को इन्जेक्शन वेल के माध्यम से वाटर रिचार्ज, गांव की शासकीय भवन में पूर्व से निर्मित वाटर हार्वेस्टिंग का जीर्णोद्धार, सफाई कार्य, चारागाहों में वृक्षारोपण-सह फेंसिंग कार्य तथा सड़क किनारे बड़े पौधे वृक्षारोपण के कार्य के साथ गांव में 3 एकड़ तक के रिक्त भूखण्डों में वृहद वृक्षारोपण के कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पदोन्नति पहले हो बाद में युक्तियुक्तकरण - फेडरेशन



## अध्ययन एवं अध्यापन के गुणवत्ता के लिये विषय तथा कक्षा संख्या के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना हो - फेडरेशन

राजनांदगांव (दावा)। सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के अनुसार सभी शिक्षक संवर्ग के पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही करना विद्यार्थी हित में है। मार्च 2020 के स्थिति में प्राचार्य के 2820 पद रिक्त थे। सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप आंकडा और अधिक हो गया है। टी-संवर्ग में 2013 एवं ई-संवर्ग में 2016 से प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुआ है। तकरीबन यही हाल व्याख्याता के रिक्त रहे 9622 पदों का है, जो कि सेवानिवृत्ति के कारण और अधिक हो गया है। प्रधानपाठक मिडिल स्कूल के 5715, शिक्षक के 15969 एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला के 20678 रिक्त पदों पर कमोबेश यही स्थिति है।

फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल, बृजभान सिन्हा, सीएल चंद्रवंशी, वीरेंद्र रंगारी, सोहन निषाद, अब्दुल कलीम खान, भूषण साव, स्वाति वर्मा, नवीन कुमार पांडे, उत्तम डड़सेना, देवचंद बंजारे, शिव प्रसाद जोशी, खोम लाल वर्मा, हेमंत पांडे, लीलाधर सेन, पुष्पेंद्र साहू, संजीव मिश्रा, हेमंत दोंदिलकर, श्रीमती संगीता ब्यौहरे, श्रीमती अभिषिक्ता फंदियाल, सुधांशु सिंह, पायल देवांगन, वंदना पानसे, शिरीष कुमार पांडे, रमेश साहू, राजेश शर्मा, नरेश प्रसाद दुबे एवं रानी ऐश्वर्य सिंह का कहना है कि अध्ययन एवं अध्यापन की गुणवत्ता के लिए प्राथमिक, माध्यमिक, हाई तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में कक्षावार दर्ज संख्या के अनुसार विषय शिक्षकों की पदस्थापना आवश्यक है। अतः शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के बाद ही युक्तियुक्तकरण करना उचित होगा। उन्होंने बताया कि पदोन्नति के पश्चात ही शालावार अतिशेष शिक्षकों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना चाहिये। अन्यथा अनेक विद्यालय विषय शिक्षक-शिक्षक विहीन हो जाने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में 5 कक्षा एवं 4 विषय, पूर्व माध्यमिक में 3 कक्षा एवं 6 विषय, हाईस्कूल में 2 कक्षा एवं 6 विषय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त कॉमर्स संकाय के 3 विषय, कला संकाय के 3 विषय, गणित-बायलॉजी के 3 विषय के 5 कक्षाओं में अध्यापन होता है, जो कि संकाय अनुसार न्यूनतम है। कक्षाओं की संख्या दर्ज संख्या पर निर्भर होता है। फेडरेशन का कहना है कि छात्रहित के दृष्टिगत स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों का निर्धारण पदोन्नति से पदस्थापना करने के बाद किया जाना चाहिए। पहले पदोन्नति फिर युक्तियुक्तकरण का नीति निर्धारण होना शिक्षक एवं शिक्षार्थी हित में होगा।

# जिले में आज व्यापक रूप से किया जाएगा पौधरोपण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 3 जुलाई को जिले में पौधरोपण के लिए व्यापक तैयारियां की गई है। इसके लिए सभी विभाग अपने-अपने कार्यालयीन कैम्पस में निर्धारित स्थानों पर पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण विभाग से जुड़े सभी विभाग अपने-अपने संपर्क में आने वाले लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करें। यदि कहीं पौधरोपण के लिए जगह की कमी है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में जिन स्थानों पर पौधरोपण किए जा रहे हैं, वहां पर भी अधिकारीगण बड़ी संख्या में पौधरोपण कर सकते हैं। जिले के विद्यालयों में जहां पौधरोपण किया जाना है, वहां छात्र अपने माँ के नाम पर भी पौधे लगाएं और जब तक विद्यालय में अध्ययन करें तब तक उनकी सुरक्षा की जिम्मदारी संभालें। उन्होंने कहा कि जल संचय, संरक्षण एवं संवर्धन हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। इसके लिए जरूरी है कि खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में रहे। उन्होंने इन स्थानों पर वाटर रिचार्ज के लिए आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण विभागों द्वारा विभिन्न स्थानों पर मुरूम, गिट्टी की खुदाई की जाती है, उन क्षेत्रों को भी वाटर रिचार्ज एवं वाटर स्त्रोत का निर्माण करें और वहां पौधरोपण भी कराएं। इसके अलावा प्रत्येक विभाग अपने कार्यालय में रेन हार्वेस्टींग सिस्टम को ठीक कराएं।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बरसात के मौसम में सड़कों पर बैठने वाले आवारा पशुओं के पुनर्वास की व्यवस्था करें। इसके लिए उन्होंने नगर निगम आयुक्त को बाड़ा बनाकर शहर के पांच किलोमीटर क्षेत्र में गौ अभ्यारण्य बनाने और इसके लिए जमीन चिन्हांकित करने के साथ चारे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। संबंधित अधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कमजोर बच्चों को चिन्हांकित करेंगे। चिन्हांकित बच्चों के खान-पान, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें भोजन में हरी-सब्जी और पर्याप्त प्रोटीन भी दी जाएगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में शाला प्रवेशोत्सव चल रहा है और इसके प्रति बच्चों में उत्साह भी है। उन्होंने विशेष रूप से ऐसे विद्यालय जिनके भवन मरम्मत योग्य है, उन्हें मरम्मत कराने और जीर्णशीर्ण हो चुके हैं, उन्हें डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एक युद्ध नशे के विरूद्ध अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जिले को सम्मानित किया गया है, इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई को दूर करने के लिए सदैव सभी को आगे भी कार्य करना है।

## 6 जुलाई को समस्या समाधान शिविर का आयोजन

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि आगामी 6 जुलाई को बोरतलाव में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए अधिकारीगण तैयारी कर लें। उन्होंने ने वार्डों के परिसिमन करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा 13 जुलाई को आयोजित होने वाले लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों को प्रस्तुत करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि बरसात के मौसम में कई स्थानों पर जल जमाव की स्थिति होती है, इन स्थानों को अधिकारीगण निरीक्षण कर लें और वहां से पानी निकासी की व्यवस्था पहले ही सुनिश्चित कर लें। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास कालोनी के लिए ले-आऊट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में चल रहे दिव्यांग शिविरों में ही संबंधितों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यालयों में ओडीएफ प्लस के तहत प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता दिवस मनाएं जाएं और बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी देने के साथ जागरूक भी करें।

इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ उमेश पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुकेश साहू परियोजना संभाग के नये कार्यपालन अभियंता



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव में परियोजना संभाग के नये कार्यपालन अभियंता की जिम्मेदारी मुकेश कुमार साहू ने विधिवत चार्ज लेकर संभाल लिया है। विद्युत कंपनी मुख्यालय रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार निवर्तमान ईई प्रोजेक्ट एस.के. चंद्राकर का स्थानांतरण ईडी ओएंडएम रायपुर एवं मुख्य अभियंता कार्यालय राजनांदगांव में पदस्थ कार्यपालन अभियंता मुकेश कुमार साहू को प्रोजेक्ट संभाग के नये कार्यपालन अभियंता बनाये जाने पर उन्हें राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के.मेश्राम ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विदित हो कि कार्यपालन अभियंता एस.के. चन्द्राकर सितम्बर 2022 से परियोजना संभाग में पदस्थ रहे। इस दरमियान राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अं.चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में दर्जनों नये 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र का निर्माण, नये 11 के.व्ही. एवं 33 के.व्ही. लाइनों का निर्माण, पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना, नये कृषि पंपों के कनेक्शनों के लिए लाइन विस्तार के कार्य जैसे अनेक विद्युत विकास के कार्यों को अमलीजामा पहनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम ने कहा कि विद्युत कंपनी के सेवाकाल में स्थानांतरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया के तहत मिले नये दायित्वों एवं चुनौतियों का सामना करते हुए कंपनी के हित को सर्वोपरि रखना, हमारी नैतिक जिम्मेदारी हैं।

## अनमोल दावा

> जो अच्छा लगे उसे ग्रहण करो और जो बुरा लगे उसका त्याग करो फिर चाहे वह विचार हो कर्म हो या मनुष्य।

## सम्पादकीय

# उच्च शिक्षा : नई प्रवेश प्रणालिका

चार सालों के पहले याने 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अनेक सुधार किए गए थे। उसके बाद अब फिर से शिक्षा नीति में कई परिवर्तन किए गए हैं। उल्लेखनीय कि, यह परिवर्तन देश की उच्च शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित है। जिसमें चार करोड़ विद्यार्थी शामिल हैं। पूरे देश में फैली विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थाओं में लगभग 20 लाख शिक्षक हैं। नए परिवर्तन में अंडर ग्रेजुएट स्तर से शुरू कर के साल में दो मर्तबे तमाम उच्च शिक्षा शैक्षणिक कोर्स में प्रवेश की प्रणाली से संबंधित है। यूजीसी याने युनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन ने हाल ही युनिवर्सिटियों और उच्च शिक्षा संस्थाओं को साल में दो मर्तबे प्रवेश देने के लिए मंजूरी प्रदान की है। एक बार जुलाई-अगस्त में और फिर जनवरी-फरवरी में प्रवेश का प्रावधान रखा है। यह एक सराहनीय कदम है। क्योंकि, इससे विद्यार्थियों को समय का फायदा होगा। पहले एक वर्ष के शैक्षणिक कार्यकाल में परीक्षाओं के परिणामों में विलम्ब, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी अथवा अन्य किसी अपरिहार्य कारणों से जुलाई-अगस्त में प्रवेश लेने में असमर्थ रहते थे।

अब ऐसे विद्यार्थियों को एक साल का इंतजार नहीं करना पड़गा। अब उन्हें अपनी इच्छानुसार के कोर्स में 6 माह पहले प्रवेश मिल सकेगा। यूजीसी को उम्मीद है कि उक्त माडल अपनाने से प्रवेश की गुणवत्ता में उत्तरोतर सुधार होगा। केवल इतना ही नहीं, परन्तु अंतर राष्ट्रीय सहयोग और विद्यार्थियों के विनिमय में भी सुधार होगा। जिससे वैश्विक स्तर में स्पर्धात्मक सुधार होगा। फलस्वरूप, भारत को अंतर राष्ट्रीय शिक्षा के मानदण्ड के समकक्ष लाने में माहौल बनेगा। विदेशों से अनेक विद्यार्थी भारत शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। आल इंडिया सर्वे आन हायर एजुकेशन (एआईएसएचई) अनुसार वर्ष 2021-22 की उच्च शिक्षा में दर्ज की गई अखिल भारतीय 28.04 थी, जो पिछले वर्षो से अच्छी थी। जिसमें सतत् सुधार हो रहा है।

वैसे, साल में दो मर्तबे प्रवेश की प्रणाली को अनिवार्य नहीं किया गया है। इसे उचित ही कहना चाहिए। उच्च शिक्षा संस्थाओं और युनिवर्सिटियों को ही तय करना है कि वे नई प्रणाली अपनाना चाहते हैं या नहीं? वैसे, अनेक युनिवर्सिटियों ने नई प्रणाली को अपनाने की तैयारी बतायी है। नि:संदेह इसमें दिक्कत भी आयेगी। जैसे, विद्यार्थी सामान्य बैच और उनके शैक्षणिक कलेन्डर के साथ समायोजित कर सकेगा या नहीं? या फिर उनके शैक्षणिक कलेन्डर के साथ नई शुरूवात करने का अवसर मिलेगा। यह भी संभव है कि संस्थाओं को एक ही साल के विद्यार्थियों की तादात में हो रही वृद्धि का प्रबंधन करने के लिए पर्याप्त स्टाफ नहीं होगा। युजीसी ने विद्यार्थी व शिक्षक के गुणोत्तर का अनुपात 1:20 बताया है। परन्तु, एआईएसएचई रिपोर्ट में 1:27 का अनुपात है। दूसरी बात, शासकीय संस्थाओं में समस्याओं का अम्बार है। किन्तु, निजी संस्थाएं सक्षम हैं।

अंत में यह कि हमारे यहां उच्च शिक्षा में संशोधनात्मक अभिगम का एक तो अभाव और पीएचडी स्तर के जहां बड़े-बड़े निबंध लेख तैयार होते हैं, उनकी गुणवत्ता में प्रश्नचिन्ह है। सरकार अधिकांशत: संस्थाओं के अधोसंरचनाओं के परिवर्तन पर ध्यान देती है। किन्तु, शिक्षा की गुणवत्ता, जाब उत्पादन, इनोवेशन व रिसर्च में ध्यान नहीं देती।

## विश्लेषण

# नये भारत में बदलाव के कानून, न्याय की ओर

- ललित गर्ग -





भारतीय न्याय प्रणाली की कमियां को दूर करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना नये भारत की अपेक्षा है। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, कानूनी प्रावधान न्यायसंगत एवं अपराध-नियंत्रण का माध्यम हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। निश्चित रूप से किसी भी कानून का मकसद नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति व अधिकारों की रक्षा करना ही होता है। जिससे किसी सभ्य समाज में न्याय की अवधारणा पुष्ट हो सके। 1 जुलाई, 2024 से भारत आपराधिक न्याय के एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। न्याय का एक नया सूरज उदित हो रहा है, जब पूरे देश में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य संहिता को लेकर उम्मीद करनी चाहिए कि यह बदलाव न्याय की कसौटी पर खरा उतरेंगे। इस दृष्टि से यह कानून से जुड़ी अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी और नया परिवेश देने वाला साबित होगा। उल्लेखनीय है कि कानूनी बदलाव से जुड़े ये तीनों विधेयक बीते साल संसद में पारित किये गए थे।

अंग्रेजों के बनाये कानून क्या स्वतंत्र भारत में साढ़े सात दशक बाद भी लागू रहने चाहिए, यह लम्बे समय से विमर्श का विषय बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये, अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने का साहसिक एवं प्रासंगिक कदम उठाते हुए नए कानून लाने एवं उन्हें लागे करने का बड़ा कदम उठाया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य है। विपक्षी दलों ने सांस्कृतिक, धार्मिक व भौगोलिक विविधता वाले देश के लिये बनाये गये कानूनों को भले ही व्यापक सार्वजनिक विमर्श के बाद ही लागू किया जाने की अपेक्षा व्यक्त की हो, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि जहां ब्रिटिश काल में बने कानूनों का मकसद दंड देना था, वहीं नये कानूनों का मकसद नागरिकों को न्याय देना है। मौजूदा चुनौतियों व जरूरतों के हिसाब से कानूनों को बनाया गया है।

इन कानूनों को बनाने का मूल उद्देश्य अपराधमुक्त समाज की संरचना करना है। इसीलिये अपराधियों को कड़े दण्ड देने का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय न्याय संहिता में विवाह का प्रलोभन देकर छल के मामले में दस साल की सजा, किसी भी आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सजा, लूटपाट व गिरोहबंदी के मामले में तीन साल की सजा का प्रावधान है। आतंकवाद पर नियंत्रण के लिये भी कानून है। किसी अपराध के मामले में तीन दिन में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तथा सुनवाई के बाद 45 दिन में फैसला देने की समय सीमा निर्धारित की गई है। वहीं प्राथमिकी अपराध व अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम के जरिये दर्ज की जाएगी। व्यवस्था की गई है कि लोग थाने जाए बिना भी ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कर सकें। यह कहने में कोई हर्ज नहीं है कि इन कानूनों के माध्यम से देश में पुलिस सुधार को भी बल मिलेगा। पुलिस कानून-कायदे के तहत काम करने को विवश या बाध्य होगी। अंततः अब पुलिस को अनुशासित बनाने के साथ-साथ कारगर बनाने की ओर देश ने अपने कदम बड़ा दिए हैं। पुलिस प्रशासन की सफलता इसी में है कि तमाम लोगों को यह महसूस हो कि कानून न्यायपूर्ण ढंग से लागू किया जा रहा है। एक पहलू यह भी है कि पुलिस प्रशासन को कुशल और सक्षम बनाने के लिए संसाधनों की कमी आ? नहीं आए। जिस स्तर की सेवा की उम्मीद लोग पुलिस से कर रहे हैं, उसके लिए सरकारों को पुलिस पर व्यय बढ़ाना होगा। सक्षम और सहयोगी पुलिस हमारे तेज विकास में कारगर होगी। पुलिस को प्रशिक्षित एवं सक्षम बनाने के तंत्र भी नये तरीके से विकसित करने होंगे। एक तरह से इन कानूनी प्रावधानों को सहज एवं सरल बनाने के प्रयास किये गये हैं।

ध्यान रहे, पिछले कानूनों में यह बड़ी कमी थी कि वे गरीबों को न्याय दिलाने में असमानता के द्योतक थे। उन कानूनों का इस्तेमाल गरीबों के खिलाफ जितनी आसानी से होता था, उससे कहीं ज्यादा कठिनाई से अमीरों के खिलाफ मामले दर्ज होते थे। आरोप सिद्ध होने या सजा के मामले में भी गरीबों को ही ज्यादा भुगतना पढ़ता था। औपनिवेशिक युग के निर्मम या गरीब विरोधी कानूनों को समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी। अब इन नये तीन कानूनों ने ब्रिटिश काल के तीन कानूनों की जगह ले ली है, इसका एहसास कराना होगा कि ब्रिटिश हिसाब से बने कानून अब देश में नहीं चल रहे हैं। नए कानूनों में यह ताकत है कि इनसे अपने यहां संपूर्ण न्याय प्रणाली में आम नागरिकों के अनुरूप आधुनिक बदलाव हो सकता है। केंद्र सरकार ने अपना काम कर दिया है और अब राज्यों को अपने स्तर पर इन अच्छे एवं प्रभावी कानूनों को लागू करने की पूरी तैयारी करनी पड़ेगी और देश के ज्यादातर राज्यों में पुलिस जिस तरह से प्रशिक्षित हो रही है, इससे जुड़ी खबरों का सामने आना भी सुखद है। सक्षम और सहयोगी पुलिस नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत में कारगर होगी।

सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुरूप राजद्रोह कानून को तो हटा दिया गया है लेकिन राष्ट्रीय एकता, अखंडता व संप्रभुता के अतिक्रमण को नये अपराध की श्रेणी में रखा गया है। संगठित अपराधों के लिये तीन साल की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही अपराध की जांच-पड़ताल को आधुनिक तकनीक के जरिये न्यायसंगत बनाने का प्रयास किया गया है। जिसमें फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाना भी अनिवार्य है ताकि अपराधी संदेह का लाभ न उठा सकें। दूसरी ओर सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अपराध नियंत्रण में बढ़ेगा। नये कानून के अनुसार मौत की सजा पाये अपराधी को खुद ही दया याचिका दायर करनी होगी, कोई संगठन या व्यक्ति ऐसा न कर सकेगा। निश्चित ही जहां सरकार वर्तमान संदर्भ के अनुरूप कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है वहीं उसे कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने एवं पुलिस-व्यवस्था को सुधारने एवं सक्षम बनाने के लिये साधन-सुविधाओं को सुलभ कराने के लिये तत्पर होना होगा। नये कानून एवं नयी आधुनिक अदालते कल के भारत को और मजबूत करेगी। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने में इनकी सर्वाधिक सार्थक भूमिका होगी। सरकार अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी या स्थानीय भाषाओं में न्याय-प्रक्रिया को संचालित करने के लिये भी प्रतिबद्ध है।

नए कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन लद जाएंगे। एक जुलाई से लागू हो रहे आपराधिक प्रक्रिया तय करने वाले तीन नये कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआइआर से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है। आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नये कानून में 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई है। शिकायत मिलने पर एफआइआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है। साथ ही आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान होगा। शिकायत, सम्मन और गवाही की प्रक्रिया में इलेक्ट्रानिक माध्यमों के इस्तेमाल से न्याय की रफ्तार तेज होगी। उपर्युक्त सभी बातों को देखते हुए स्पष्ट है कि भारतीय न्याय तंत्र में विभिन्न स्तरों पर सुधार की दरकार को महसूस करते हुए वैसी व्यवस्थाएं की गयी है। लेकिन यह सुधार न सिर्फ न्यायपलिका के बाहर से बल्कि न्यायपालिका के भीतर भी होने चाहिये। ताकि किसी भी प्रकार के नवाचार को लागू करने में न्यायपालिका की स्वायत्तता बाधा न बन सकें। न्यायिक व्यवस्था में न्याय देने में विलंब न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, अतः न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि दिखना भी चाहिये। नये कानूनों एवं नयी कानूनी व्यवस्थाओं से ऐसा होता हुआ दिख रहा है जो नये भारत की ओर गति को दर्शा रहा है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज,
दिल्ली-92
फोन: 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-193 : रानी कैकेई ने पूछा, क्या आप दे सकेंगे, अपने वे दो वरदान?

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



रानी कैकेई ने व्यंग्य करते हुए कहा, ''ओह तो लगता है कि राम के कुमार पद पर अभिषेक के कुछ ही महीनों के भीतर आप उसे राजा घोषित कर देंगे और इसीलिए यज्ञ के आयोजन का भी विचार करने लगे हैं। अगर इतनी ही शीघ्रता है महाराज, तो कल राम का अभिषेक युवराज पद पर क्यों? सीधे राजा पद पर कर दीजिए और उतार दीजिए अपना यह मुकुट और चलिए मेरे साथ वन में तपस्या करने के लिए।''

कैकेई के इन वचनों से राजा मर्माहत हुए। उन्होंने यह सोचा ही नहीं था कि उनकी प्रिय रानी उनके लिए इस तरह से विष बुझे तीरों से कटु वचनों का उपयोग करेंगीं।

''यह तुम कैसी अटपटी बातें कर रही हो कैकेई? आखिर तुम्हारी इस घोर नाराजगी को मैं कैसे दूर करूं? तुम अभी दुख की अवस्था में हो और तुम्हारी इन बातों से मैं स्वयं अत्यंत खेद और दुख का अनुभव कर रहा हूं। आखिर मैं ऐसा क्या उपाय करूं, जिससे तुम्हारा क्रोध दूर हो जाए और तुम पहले की तरह प्रसन्न हो जाओ।'' राजा दशरथ ने कहा।

''तो क्या आप सचमुच मुझे प्रसन्न करना चाहते हैं महाराज?''

''हां कैकेई!''

''तो मैं जो मांगूंगी, क्या वह आप देंगे?''

''क्यों नहीं?''

''तो मैं अपने वे दो वर मांगना चाहती हूं, जो आपने मुझे देवासुर संग्राम के समय आपको युद्ध क्षेत्र से सकुशल बाहर निकालने के बाद दिया था।''

राजा दशरथ यह सुनकर प्रसन्न हो गए।

''बस इतनी सी बात प्रिये? मैं तुम्हें वे दो वरदान अवश्य प्रदान करूंगा।''

कैकेई ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा, ''मुझे संदेह है महाराज कि आप मुझे मेरे ये दो वरदान प्रदान कर ही न पाएं।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -106

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुकूमत 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 105 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | वं | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू- दोकू क्र.106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकता है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.105 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

# गुरू बिन ज्ञान नहीं

खबर पढ़कर
बानी बोले- ''गजाधर!
लोकसभा में विपक्ष के नेता
राहुल गांधी ने सदन में
सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि
जो लोग अपने आप को
हिन्दू कहते हैं
वे दिन रात हिंसा-हिंसा,
नफरत-नफरत, असत्य-असत्य कहते है।
उनके इतना कहते ही संसद में
बवाल हो गया। भाजपा सांसदों ने
इस पर घोर आपत्ति जताई।''
तो राहुल के ऐसे कथन पर,
आपका क्या कहना है भाई?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-बानी।
मुझे यह बात देखने में आती है
कि राहुल गांधी की जबान,
जब-तब फिसल जाती है।
इसलिए मेरा यह मत है -
उन्हें एक गुरू की जरूरत है।
मुझे आज यह कहना,
लगता है सही
कि गुरू बिन ज्ञान नहीं।''



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

# // इंतजार //

आज अध्यापक कक्षा में कदम रखते ही बच्चों से बोले - ''बच्चो! आज सभी अपने-अपने पिता जी को एक पत्र लिखेंगे। पत्र में अगले महीने पैरेंट्स मीटिंग रखी गई है। इस बार हम किसी के पैरेंट्स को कॉल या मैसेजेस नहीं करेंगे। आपकी बातें डाक के माध्यम से प्रेषित की जायेगी। ये समझ लो कि पत्र लिखना तुम सबका आज का कक्षाकार्य है। क्यों बच्चों, सभी तैयार हो न ?'' सभी बच्चों ने हामी भरी।

बच्चों ने पत्र लिखना प्रारंभ किया। थोड़ी देर बाद बच्चें बारी-बारी से अध्यापक को पत्र दिखाने लगे। अध्यापक बहुत खुश थे। बच्चों के द्वारा लिखे मासूमियत भरे शब्द उन्हें बचपन की ओर आकर्षित कर रहे थे। कक्षा में घूमते हुए वे एक प्रिशा नाम की लड़की के पास पहुँचे। उसका पत्र अभी तक उनके पास नहीं आया था।


तभी अध्यापक ने देखा कि प्रिशा पत्र लिख कर बार-बार फाड़ती जा रही है। उन्हें आश्चर्य हुआ। पूछा- ''क्या बात है बेटा? प्रिशा, तुम ऐसा क्यों कर रही हो ? बड़ी परेशान लग रही हो। बताओ प्रिशा, क्या बात है ?''

प्रिशा सुबकती हुई बोली - ''सर जी ! मेरे पापा जी तो भगवान जी के पास चले गए हैं। मैं उन्हें अपना पत्र कैसे भेजूँ ? मुझे भगवान का एड्रेस नहीं मालूम। कुछ समझ नहीं आ रहा है। आप ही बताइए न सर जी। मेरा पत्र भगवान जी के पास कैसे पहुँचेगा?'' धारा प्रवाह बोलती हुई प्रिशा का गला भर आया। प्रिशा की भीगी पलकें देख अध्यापक को बड़ा दुःख हुआ। उनके पास प्रिशा के लिए कोई जवाब नहीं था। प्रिशा अध्यापक के जवाब का इंतजार कर रही थी।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम जिला - गरियाबंद


## राशिफल




### मेष
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आपको निजात मिलेगी। आज आपके चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना है। आज अपनी कोई पर्सनल बात किसी के साथ डिस्कस करने से बचें।




### वृषभ
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सिर्फ सूझबूझ और कुशलता से अपने कार्यो को करने की जरुरत है। वर्तमान समय में आपने जो नई नीतियां बनाई है, उनसे आपको काफी लाभ मिलने वाला है।




### मिथुन
आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपको किसी कार्य को लेकर की गई मेहनत का अनुकूल परिणाम मिलने वाला है। घर में कोई धार्मिक कार्य संपन्न हो सकता है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें आपको अच्छा लाभ हो सकता है। शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा।




### कर्क
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्त्व मिलेगा। पहले से चल रही किसी समस्या से राहत मिल सकती है। आज आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ अपने कार्यो को करेंगे। अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे।




### सिंह
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक जिम्मेदारियां और काम का बोझ रहेगा। आज आपको आलस करने से बचना चाहिए। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने कार्यो को पूरा करने में लगे रहेंगे। इससे बॉस आपसे प्रसन्न होंगे।




### कन्या
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाएं बनेगी। अगर कोई कानूनी समस्या चल रही है तो आज उसका समाधान मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति अथवा राजनीतिज्ञ के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा।




### तुला
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको कोई उपलब्धि हासिल होगी, लोग आपको बधाई देंगे। आज आपका व्यापारिक दृष्टिकोण हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाए रखने में मदद करेगा। अगर सरकारी अथवा कोर्ट के संबंधी कोई मामला फंसा हुआ है तो आज उसमें सफलता मिलने की संभावना है।




### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल मिलेगा। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बनायेंगे। विद्यार्थियों को अपनी सोच में और अधिक सकारात्मकता लाने की जरूरत है। आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी।




### धनु
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। आज का दिन पारिवारिक सुख-शांति में वृद्धि लेकर आएगा। आज आपके आपकी कार्यकुशलता और योग्यता की सराहना होगी। आज अपने करियर और पढ़ाई को लेकर सजग रहेंगे।



### मकर
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन पारिवारिक सुखों में वृद्धि लेकर आएगा। युवाओं को अपनी नौकरी से संबंधित किसी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कोई कीमती उपहार भी मिल सकता है। स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी आज दूर होगी आप एनर्जेटिक रहेंगे।



### कुंभ
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपका कार्य करने का और सफलता हासिल करने का जुनून आपको कामयाबी देगा।इंश्योरेंस और कमीशन के बिजनेस में विशेष सफलता मिलेगी। आज किसी मनचाहे प्रोजेक्ट पर कार्य करने का मौका मिलेगा।



### मीन
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है। ये निवेश आने वाले दिनों में बेहतर फायदा देने वाला रहेगा। आज घर के लोगों के साथ किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार विमर्श करेंगे। आज का दिन लाभदायक रहने वाला है।

# विहिप बजरंग दल ने किया राहुल गांधी का किया पुतला दहन

**हिंदू समाज के विरुद्ध की गई टिप्पणी से आक्रोशित हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड के कार्यकर्ता**



डोंगरगढ़(दावा)। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिए एक बयान को लेकर पूरे देश मे बवाल मच गया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में लोकसभा में दिए गए बयान के दौरान राहुल गांधी का यह कहना कि हिन्दू हिंसा करता है जैसे 'हिन्दू विरोधी' बयान पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओं ने श्री हनुमान चौक में राहुल गांधी का पुतला जला कर विरोध जताया। साथ ही नगर के धार्मिक हिन्दू संगठन व राजनीतिक दल ने रैली निकाल नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा है कि, लोकतंत्र के मंदिर में अपने हिन्दू विरोधी मानसिकता के चलते राहुल ने सम्पूर्ण हिन्दू समाज का अपमान किया है। सम्पूर्ण समाज से इस बयान के लिए माफी मांगने की मांग की गई है।

बजरंग दल जिला सह संयोजक हनी गुप्ता ने बताया कि लोक सभा सत्र के दौरान पहले दिन भारत के समस्त हिन्दू समाज के लिए अमर्यादित बयान राहुल गांधी ने दिया जिससे सम्पूर्ण हिन्दू समाज से माफी मांगी चाहिए हर बार राहुल गांधी कभी हिन्दुओं को आतंवादी, हिन्दू मंदिर लड़की छेड़ने जाते है, भगवा आंतकवाद है ऐसे बयान देकर खुद को दूसरे समाज का हितैषी साबित करना चाहते है। हिन्दू समाज सदा वसुधैव कुटुंबकम की बात कहता है सम्पूर्ण विश्व का कल्याण हो कि कामना करता है कि बात कही जिसमें बड़ी संख्या में विश्वनाथ यादव, करनैल भाटिया, विनीत यादव, विजेंदर ठाकुर, सतेंद्र बिसेन, बाल मुकुंद तराने, नगर संयोजक बजरंग दल ऋषभ डकहा, मनीष समुन्द्रे, अतुल बिरहा, अमन नामदेव, कुश मालेकर, अनुज शर्मा, जय टम्टा, आकाश ठाकुर, हिमांशु गुप्ता, पुष्प तराने, वंश शर्मा, अभय डकहा युवा मोर्चा के जयंत साहू, आदित्य मिश्रा, सत्यम यादव, गणेश साहू, जय साहू, डिम्पी, सोमेंद्र गजेंद्र, बंडू निगम व अन्य सभी उपस्थित रहे।

# हालेकोसा में शाला प्रवेश उत्सव मना

छुरिया (दावा)। विकासखण्ड छुरिया के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला हालेकोसा में नये शिक्षा सत्र के प्रारंभ पर एक जुलाई को शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। साथ ही माध्यमिक शाला हालेकोसा के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक दयालूराम चौधरी को भावभीनि विदाई दी गई।

शाला प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान पाठक दयालूराम चौधरी, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनिता कुंजाम सरपंच हालेकोसा, श्रीमती किरण साहू पूर्व जि.पं.अध्यक्ष, श्रीमती संतोषी चंद्रवंशी उपसरपंच, श्रीमती ओमीन पटेल, जोधीलाल साहू, चैतलाल निषाद अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, नैनसिंह पटेल, राजेशदास मोंगरे, फूलचंद ठाकुर, प्रेमीचंद साहू के आतिथ्य में सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन से हुआ। शाला प्रवेश उत्सव में उपस्थित अतिथियों ने नवप्रवेशी एवं कक्षोन्नत बच्चों को तिलक एवं मिष्ठान खिलाकर शाला प्रवेश कराया। साथ ही बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया।

इस अवसर पर बीआरसी. पी.डी. साहू, संकुल समन्वयक दुलार सिंह साहू, माध्य.शाला के प्रभारी प्रधान पाठक महेश कुमार सिन्हा, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक धननाथ मरकाम, शिक्षक कार्तिकराम धृतलहरे सहित शाला के समस्त शिक्षक, पालकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

**० प्रधान पाठक को दी गई भावभीनी विदाई**
**० कक्षा 10 वीं में जिले में प्रथम रही छात्रा का हुआ सम्मान**

### सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को दी गई भावभीनि विदाई

शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हालेकोसा में 30.04.2024 को सेवानिवृत्त हुए माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक दयालूराम चौधरी को शाला परिवार एवं ग्रामवासियों की ओर भावभीनि विदाई दी गई। विदाई समारोह के अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को शॉल, श्रीफल एवं मोमेण्टो भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते वे जहां भी रहते हैं उनके शिक्षकीय अनुभव से हमेशा लोगों को शिक्षा एवं मार्गदर्शन मिलता रहता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ने कहा कि यह आप सबका स्नेह एवं आशीर्वाद है जिसके कारण मैंने अपना शिक्षकीय कार्यकाल पूर्ण किया है। आप सभी ने मुझे सम्मान दिया इसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं।

### जिले में प्रथम रही छात्रा वंशिका का हुआ सम्मान

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल में कक्षा 10 वीं में छ.ग. में 6 वां रैंक एवं राजनांदगांव जिले में प्रथम रहीं हालेकोसा की छात्रा कु. वंशिका साहू को इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से उपस्थित अतिथियों ने मोमेण्टों प्रदान कर उनकी इस सफलता पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पहला कॉलम...

## विधायक हर्षिता ने किया वार्ड क्र. 1 का भ्रमण, समस्या से हुई रुबरु



डोंगरगढ़ (दावा)। क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शानिवार को नगर के वार्ड नंबर 1 का भ्रमण करके वार्डवासियों से समस्या की जानकारी ली है। इस दौरान वार्डवासियों ने अपने बीच विधायक को पाकर काफी खुश दिखाई दिए और वार्ड के महिला, पुरुष व बुजुर्गों ने एक -एक कर उन्हें अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

वार्डवासियों ने विधायक को वार्ड में होने वाली पानी की समस्या , नाली की समस्या व सड़क की समस्या सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिस पर विधायक श्रीमती बघेल ने सभी वार्डवासियों की समस्या को जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर उपस्थित सुदेश मेश्राम अध्यक्ष नगर पालिका, विजय राज चौहान अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शिव निषाद वार्ड पार्षद, जितेन्द्र सिंह भाटिया, किरण मेश्राम, तुलीचंद बडोले, गनपत रजक, रेखा खोब्रागडे, संजीव गुप्ता, नरेश करषे, तरुण फुले, कृष्णा गुप्ता, कृष्णा लिल्हारे, पप्पू इंदुरकर, भाऊदास मेश्राम, रितेश, मधु श्रीवास्तव और समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## फसल प्रदर्शन सुगंधित धान विष्णुभोग का खेत में शीड ड्रिल के माध्यम से कतार बोनी किया गया



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। विकासखण्ड डोंगरगढ़ के ग्राम मानिकपुर में कृषि विभाग डोंगरगढ़ द्वारा आत्मा योजना अंतर्गत फसल प्रदर्शन सुगंधित धान विष्णुभोग का कृषक भागचंद कंवर के खेत में शीड ड्रिल के माध्यम से कतार बोनी किया गया, जिसमें कृषि विभाग एच.एस.रावत व कृषि विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में आत्मा योजना से बी.टी.एम. हरीश देवहारी, ए.टी.एम. नवीन कुमार साहू द्वारा नई तकनीकों की जानकारी दिया गया। इस बीच किसान संगवारी अश्वनी चंद्रवंशी एवं अन्य किसान भाई उपस्थित हुए।

## न्यायाधीशों ने तीन नए अधिनियमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी



डोंगरगढ़(दावा)। अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सावंत एवं सचिव हेमंत रात्रे के मार्गदर्शन में तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण डोंगरगढ़ के अध्यक्ष अनीष दुबे के निदेसानुशार उपजेल डोंगरगढ़ में न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपत सिंह साहू एवं शैलेश कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में 1 जुलाई 2024 से लागू हुए तीन नए अधिनियमों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पूर्व अधिनियम भारतीय दण्ड संहिता 1860, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को निरसित करते हुए नये अधिनियम लागू किये गये हैं। उपस्थितजनों को बताया कि पुराने एवं नए अधिनियमों के प्रावधानों व धाराओं की तुलनात्मक सारणी सभी न्यायालयों में उपलब्ध होने सम्बन्धी निर्देश दिये गये। नए अधिनियमों के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में परिचर्चा कर आने वाली कठिनाईयों को दूर किये जाने के सम्बन्ध में भी दिशा-निर्देश दिये गये। इस प्रकार सभी न्यायिक अधिकारियों ने बैठक में अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इसी क्रम में डोंगरगढ उपजेल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स द्वारा जेल प्रशासन के साथ बंदियों को नए अधिनियमों के लागू होने के संबंध में विधिक रूप से जागरूक किया गया। बंदियों को विधिक प्रावधानों व प्रक्रियाओं से संक्षिप्त रूप से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में उपजेल डोंगरगढ के अधीक्षक एवं समस्त कर्मचारीगण तथा पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय एवं पवन कुमार उपस्थित रहे।

# संकुल केंद्र में मना प्रवेशोत्सव, बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री



राजनांदगांव (दावा)। संकुल केंद्र उपरवाह में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी ने बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया।

उन्होंने यहां उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि, बच्चों को आवश्यक रूप से शिक्षा हेतु प्रेरित करें। स्वयं भी उनके साथ इससे जुड़ें, बच्चों के साथ परिजन उनके पठन-पाठन में शामिल हों। स्वाभाविक रुप से इससे बालक-बालिकाओं को सहायता तो मिलेगी ही वे इसमें और भी रुचि लेने लगेंगे। पठन-पाठन उत्साह का विषय है जो कि बना रहना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों का अभिवादन करते हुए कहा कि, आप सभी के कंधों पर सैकड़ों परिजनों की आशाओं का भार है। वे आप पर स्वयं से अधिक विश्वास प्रकट करते हैं और आपको सरस्वती माता का दूत मानते हैं। शिक्षकों को भी इन उम्मीदों पर खरा उतरना है। उक्त कार्यक्रम में सरपंच पुनिता नागेश्वर साहू, पंच देवता साहू, खुशबू धनकर, ईश्वर साहू, मोनिका धनकर, हेमलता साहू, मेहतरीन यादव, हीरा निषाद, तामेश्वरी साहू, कलिराम साहू, मनीराम साहू, गणेश विश्वकर्मा, सुरेश साहू, प्रेमसुख साहू, रामखेलन साहू, ग्वालराम साहू, तिलक साहू, प्राचार्य देवा लहरे, संकुल समन्वयक सोहन वर्मा, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक बीआर साहू व संकुल के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## जन्मदिन के शुभ अवसर पर पुरुषोत्तम यादव ने करवाया न्योता भोज

डोंगरगांव (दावा)। बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में न्योता भोज परंपरा की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज व शालाओं के मध्य आपसी संबंध तालमेल स्थापित करना है। इसी परंपरा की शुरुआत करते हुए विकासखंड डोंगरगांव के माध्यमिक व प्राथमिक शाला सांगिनकछार में ग्राम के समाजसेवी पुरुषोत्तम यादव की पुत्री हरिका यादव (प्राची) के जन्मदिन के शुभ अवसर पर न्योता भोज करवाया गया। वहीं घनाराम पटेल की व्यवस्था में स्कूल के मध्यान्ह भोजन में दैनिक मेनू में खीर, पूरी, टमाटर चटनी, सलाद शामिल करवाया गया। न्योता भोज आयोजन में ग्राम के लोमस नेवला, सागर वर्मा, बिरेंद्र चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा उपस्थित रहे तथा खाना परोसकर अच्छे स्वास्थ्य सेहत की कामना की।

भविष्य में ऐसे आयोजन के लिए प्रेरित किए जाने की बात कही गई। शाला परिवार की उसे प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका केकती साहू, शिक्षक घनाराम पटेल माध्यमिक शाला की प्रधानपाठिका श्रीमती पद्मिनी साहू सहित लता भारती, दानेश्वरी बाई, रसोईया लक्ष्मीबाई, मनीष वर्मा, फुलबाई कंवर उपस्थित रहे।

## धनीराम साहू शासकीय किसान उ.मा.शाला अर्जुनी में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के धनीराम साहू शासकीय किसान उ.मा.शाला अर्जुनी में शिक्षा सत्र 2024-25 में नवप्रवेशित कक्षा 9वीं एवं 11वीं के छात्र/छात्राओ को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं को पाठ्य पुस्तक का वितरण एवं सरस्वती निःशुल्क सायकल योजना के पात्र छात्राओं को सायकल वितरण किया गया।

शाला प्रवेशोत्सव मे दिनेश साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष डोंगरगाँव एवं हिरेन्द्र कुमार सोनकर ग्राम प्रमुख ग्राम अर्जुनी विशेष रुप उपस्थित रहे। दिनेश साहू द्वारा छात्र-छात्राओं को नियमित रुप से शाला आने, अनुशासित रहकर पढ़ाई करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। प्र. प्राचार्य श्रीमती विभा पाण्डेय द्वारा विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया।

शाला प्रवेशोत्सव में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका के.एल. यादव, बबीता खण्डेलवाल, यू. ठाकुर, आर. ध्रुव, दीपिका दुबे, एम. आर. मेश्राम, एच. के. बोरकर, टी.आर. सोनकर, मनीष गजभिये उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन आर.के. नेताम (व्या.) ने किया एवं आर. के. चौधरी (व्या.) ने आभार व्यक्त किया।

## पुलिस के डर से शराब कोचियों ने बदला ठींहा

ठेलकाडीह (दावा)। शराब कोचियों पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। ठेलकाडीह से लेकर ग्रामीण इलाकों तक शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर पुलिस सख्ती दिखा रही है। बीते तीन दिनों में ही पुलिस ने अलग-अलग हिस्से में शराब कोचियों धड़पकड़ तेज कर दी है। चाय दुकान की आड़ में एक महिला के पास भारी मात्रा में शराब पकड़ा उसे आबकारी एक्ट के तहत जेल भेजा गया।

**93 पाव के साथ महिला को भेजा जेल**

इसके अलावा पूर्व में आबकारी एक्ट के मामले में गिरफ्तार हो चुके लोगों को भी हिदायत दी जा रही है। आपके बता दे कि ठेलकाडीह में अब शराब बेचने वाले कोचिये पुलिस की डर से अब अपना ठीहा बदलकर शराब बेच रहे है।

थाना ठेलकाडीह टी आई अम्बरीश शर्मा के नेतृत्व में पदुमतरा में चाय दुकान की आड़ में शराब बेचने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया। पुलिस ने अलग-अलग ब्रांड के भारी मात्रा में शराब जप्त की है। थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि उक्त महिला की अवैध शराब भेजने की शिकायत मिली थी, मुखबिर की सूचना के बाद टीम गठित कर छापामार कारवाही की गई, आरोपीया प्रभा बाई साहू पति स्व रूपलाल साहू के कब्जे से अवैध शराब 93 पौवा कीमती 11250 रु., एवं बिक्री रकम 2700 रु. जुमला कीमती 13950 रु. जप्त किया गया। आरोपीयों को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय आदेश पर रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कारवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अम्बरीश शर्मा, सउनि सरस्वती नेताम, राजकुमार महिलांगे, विष्णु वर्मा, आरक्षक अमर सिंग चन्द्रवंशी, श्रद्धा सेवता का योगदान रहा।

## सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वृक्षारोपण

राजनांदगांव (दावा)। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रसेन सिंह यादव दिशा-निर्देश एवं समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष इमानवेल सिंह के नेतृत्व में आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद अखिलेश यादव का जन्मदिन स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। अखिलेश यादव के जन्मदिन पर उनके पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। इस मौके पर सपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों और पूर्व में अखिलेश सरकार के उपलब्धियों को विस्तार से चर्चा की।

# लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर सम्मानित



बालोद (दावा)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत बेहतरीन कार्यों के लिए बालोद जिले के जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर का सम्मान किया गया। संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष बालोद में आज सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रवाल ने जनसंपर्क अधिकारी श्री ठाकुर को लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान एवं निर्वाचन संबंधी कार्यों का बेहतरीन प्रचार-प्रसार एवं एमसीएमसी के कार्यों के कुशल संपादन हेतु प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने जनसंपर्क अधिकारी श्री ठाकुर की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के सभी विकासखण्डों में अलग-अलग स्वरूपों में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का जिला जनसंपर्क कार्यालय बालोद द्वारा बेहतरीन प्रचार-प्रसार किया गया था। जिसके फलस्वरूप स्थानीय मीडिया के अलावा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के मीडिया में बेहतरीन कव्हरेज मिला था। सम्मान समारोह के अवसर पर आज उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी अशोक जोशी सहित जिले के सभी एसडीएम एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया सम्मान**

# डेंगू एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए अंतर विभागीय वेक्टर नियंत्रण प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रशिक्षण में डेंगू से बचाव के संबंध में दी गई जानकारी**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डेंगू एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए अंतर विभागीय वेक्टर नियंत्रण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर ने डेंगू से बचने के लिए इसके उपायों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने अंतर विभागीय समन्वय से कार्यालय, निवास एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने तथा पानी जमा नहीं होने दें एवं नगर निगम को शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर पानी भरें। घर की छत पर रखे गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्ढे में जला हुआ तेल डाल दें, जिससे ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर का लार्वा नष्ट हो जाता है, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के दरवाजों में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

राज्य सलाहकार सुश्री स्निग्धा पटनायक ने बताया कि डेंगू मच्छर जनित एक वायरल बीमारी है। जिसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां होती हैं और त्वचा पर चकत्ते भी निकल आते हैं। डेंगू फीमेल एडीज मच्छर के काटने से होता है। डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं, लेकिन मामूली सावधानी अपनाने से मच्छर के काटने से बचा सकता है। भारत में विशेषकर यह बारिश के दिनों में होने वाला सामान्य रोग है। डेंगू का लार्वा सामान्यतः जमे हुए साफ पानी में पनपता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का समय काफी अनुकूल होता है। यही वजह है कि इस समयावधि में सतर्क रहना जरूरी होता है। डेंगू से बचाव के लिए सभी शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की व्यवस्था है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नेतराम नवरतन ने बताया एडीज एजिप्टीएक ऐसा मच्छर है, जो डेंगू बुखार, चिकनगुनिया, जीका बुखार, मायरो बुखार के वायरस और अन्य रोग एजेंटों को फैला सकता है। विशेषकर बारिश के मौसम की शुरूआत के साथ ही मच्छरों के प्रजनन और परिणामस्वरूप महामारी में वृद्धि होती है। एडीज एजिप्टी मच्छर सबसे ज्यादा सुबह और शाम को और छायादार क्षेत्रों में पाए जाते हैं। यह पूरे साल या अनुकूल स्थिति में किसी भी समय संक्रमण फैला सकते हैं। इससे बचाव हेतु सभी को आवश्यक उपाय अपनाना चाहिए।

डेंगू रोग के विषय में जनजागरूकता के लिए जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें डेंगू से बचाव से संबंधित नारा लेखन, मितानिन यात्रा व कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें लोगों को डेंगू होने के कारण, इसके लक्षण तथा इससे बचाव से संबंधित आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा ने बताया डेंगू पर नियंत्रण के लिए जिले के 4 विकासखंडों छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, डोगरगांव में लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य लेकर लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सोर्स रिडक्शन गतिविधियां की जा रही हैं, जिसमें मितानिन की विशेष भूमिका है। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ उमेश पटेल सहित डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि डॉ. राजेंद्र सिंह, जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री पूजा मेश्राम, जिला सलाहकार श्रीमती संगीता पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## जेम्स एंडरसन बनेंगे इंग्लिश टीम के गेंदबाजी मेंटर



नईदिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 10 जुलाई से शुरू होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। वह पहले ही ये ऐलान कर चुके हैं।इस बीच खबर ये है कि एंडरसन संन्यास के बाद इंग्लिश टीम के साथ मेंटर के रूप में जुड़ेंगे। वह इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी के गुर सिखाएंगे। इंग्लैंड के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, लॉर्ड्स टेस्ट के बाद जिमी हमारे साथ बने रहेंगे और एक मेंटर के रूप में हमारी मदद करेंगे। उनके पास इंग्लिश क्रिकेट को देने के लिए बहुत कुछ है। हम नहीं चाहते कि यह खत्म हो जाए। उनके पास बहुत सारे विकल्प होंगे। अगर वे खेल में बने रहना चुनते हैं तो इंग्लिश क्रिकेट बहुत भाग्यशाली होगा।

## शेयर बाजार ऑल टाइम हाई बनाया

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ खुला है। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 79,855 और 24,236 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। आईटी शेयरों में खरीदारी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स पैक में विप्रो, एचसीएल टेक, टीसीएस, भारती एयरटेल और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स हैं। सेंसेक्स 175 अंक या 0.22 प्रतिशत बढ़कर 79,651 और निफ्टी 45 अंक या 0.19 प्रतिशत बढ़कर 24,187 पर है।छोटे और मझोले स्टॉक्स में लार्जकैप की अपेक्षा सुस्ती नजर आ रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 36 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 56,329 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 60 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 18,653 पर है। आईटी के अलावा रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स में भी तेजी है। इसके अलावा ऑटो और हेल्थकेयर इंडेक्स पर दबाव बना हुआ है।एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और जकार्ता के बाजारों में तेजी है। बैंकॉक और सोल के बाजार लाल निशान में हैं। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 86.81 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83.52 डॉलर प्रति बैरल पर खुला।

## स्वीडन में पितृत्व अवकाश का नया कानून लागू

कोपेनहेगन। स्वीडन ने सोमवार को नया पितृत्व कानून लागू किया। इसके तहत दादा-दादी को बच्चे के जन्म के प्रथम वर्ष के दौरान तीन महीने तक पोते- पोतियों की देखभाल करने के लिए वेतन सहित पितृत्व अवकाश मिल सकेगा। स्वीडन की 349 सीटों वाली संसद 'रिक्सडैग' ने पिछले साल दिसंबर में पितृत्व भत्ते को लेकर सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसके बाद यह कानून लागू किया गया है। इस कानून के तहत, माता-पिता अपने पितृत्व अवकाश भत्ते का कुछ हिस्सा बच्चे के दादा-दादी को ट्रांसफर कर सकते हैं। स्वीडन में बच्चा होने पर छुट्टी मिल जाती है। माता-पिता को प्रति बच्चे 480 दिन की छुट्टी मिलती है। उनमें से 390 दिनों के लिए मुआवजा पूरी आय के आधार पर गणना की जाती है जबकि शेष 90 दिनों के लिए लोगों को प्रति दिन 180 क्रोनर की निश्चित राशि मिलती है। स्वीडन में माता-पिता बच्चे के आठ वर्ष का होने तक कम घंटों तक काम कर सकते हैं, जबकि सरकारी कर्मचारियों को भी बच्चे के 12 वर्ष का होने तक कम घंटों तक काम करने का लाभ मिलता है।

## फेमस आध्यात्मिक गुरु को मिली कुकर्मों की सजा



नई दिल्ली। नेपाल की अदालत ने बुद्ध बॉय के नाम से मशहूर आध्यात्मिक नेता को 10 साल कारावास की सजा सुनाई है। बुद्ध बॉय के नाम से प्रचलित राम बहादुर बामजन को जनवरी 2024 में नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के अलावा 4 भक्तों के गायब होने के मामले में अरेस्ट किया गया था। पिछले सप्ताह नेपाल के सरलाही जिला अदालत ने उन्हें यौन शोषण का दोषी ठहराया था। ऐसे में कोर्ट ने 1 जुलाई सोमवार को सजा का ऐलान कर दिया। जिला कोर्ट के रजिस्ट्रार ने न्यूज एजेंसी को दिए बयान में कहा कि उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही बामजन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। नेपाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बामजन को इस साल राजधानी काठमांडू के एक बाहरी इलाके से अरेस्ट किया था। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान उसके पास से 30 मिलियन नेपाली रुपये और 22 हजार 500 डॉलर की विदेशी मुद्रा के साथ पकड़ा था।

# पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को हराकर यूरो कप के क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

फ्रैंकफर्ट। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूरो 2024 के राउंड ऑफ 16 में पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल को यूरो 2024 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।

पुर्तगाल ने सोमवार को यूरो 2024 में पेनल्टी शूटआउट से स्लोवेनिया को 3-0 से हराया। यह एक रोमांचक मुकाबला रहा।

इस मुकाबले में निर्धारित समय में दोनों टीम गोल नहीं कर पाई, इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में भी स्कोर 0-0 रहा। हालांकि, रोनाल्डो के पास एक बड़ा मौका था लेकिन वो पेनल्टी चूक गए। इसके बाद यह स्टार खिलाड़ी काफी निराश नजर आया। लेकिन शूटआउट में उन्होंने पहला पेनल्टी स्कोर कर टीम को मजबूत शुरुआत दी।

वहीं, पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने लगातार तीन गोल बचाए, जिससे पुर्तगाल ने स्लोवेनिया पर 3-0 से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पुर्तगाल का सामना अगले दौर में टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम फ्रांस से होगा, जिसने सोमवार को बेल्जियम को 1-0 से हराया था। कोस्टा, इस रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल के लिए हीरो रहे। उन्होंने जोसिप इलिसिक, जुरे बाल्कोवेक और बेंजामिन वर्बिक की लगातार तीन पेनल्टी शॉट बचाई। इस बीच, उनके साथी रोनाल्डो, ब्रूनो फर्नांडीस और बर्नार्डो सिल्वा ने पेनल्टी को गोल में बदला,



जिससे पुर्तगाल की 3-0 से जीत सुनिश्चित हुई और क्वार्टर फाइनल में जगह बनी।24 वर्षीय कोस्टा ने मैच के बाद कहा, यह मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा मैच हो सकता है। मैंने मैदान पर अपना बेस्ट दिया है। मैंने पेनल्टी शूटआउट के दौरान खुद पर भरोसा रखा।रिपोर्ट के अनुसार, पेनल्टी शूटआउट में अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा, कोस्टा ने एक्स्ट्रा टाइम के अंतिम चरण में एक महत्वपूर्ण बचाव किया था।पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने कोस्टा की प्रशंसा करते हुए कहा, कोस्टा हमारा सीक्रेट हथियार है। उसने इस रोमांचक मुकाबले में अपनी ताकत दिखाई।कोस्टा के शानदार प्रदर्शन से पहले, कप्तान रोनाल्डो के पास विजयी गोल करने का मौका था, लेकिन स्लोवेनियाई गोलकीपर ने उनके पेनल्टी को बचा लिया। पेनल्टी चूकने के बाद, भावुक रोनाल्डो को टीम के साथियों और कोचिंग स्टाफ ने सांत्वना दी। जबकि पुर्तगाली प्रशंसकों ने 39 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का समर्थन करने के लिए विवा रोनाल्डो का नारा लगाया। रोनाल्डो ने मैच के बाद के कहा, इस मैच ने मुझे दुखी होने के साथ खुश होने का मौका भी दिया।

यह फुटबॉल है। आप इसे समझ नहीं सकते, मेरे पास मैच को तय करने का मौका था, लेकिन मैं चूक गया इसलिए मैं काफी भावुक हो गया था। हालांकि, अपने आंसू पोंछते हुए रोनाल्डो ने खेलना जारी रखा और पेनल्टी शूटआउट में पहले स्थान पर आकर भरपूर आत्मविश्वास के साथ पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। मार्टिनेज ने रोनाल्डो के बारे में कहा, रोनाल्डो एक्स्ट्रा टाइम में पेनल्टी चूक गए, लेकिन शूटआउट में वे सबसे पहले आए और हमें जीत की ओर ले गए। यह ड्रेसिंग रूम से लेकर मैदान तक पूरी टीम की जीत थी। रोनाल्डो हमारे लीडर हैं, और वे हमें मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह दिखाते हैं कि सबसे कठिन समय में भी हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए।

## पहली बार होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा हॉकी इंडिया

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया 40 साल से अधिक उम्र के पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए होने वाले मास्टर्स कप टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। यह पहली बार है जब हॉकी इंडिया इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट का मकसद अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के जुनून और कौशल का जश्न मनाने का है। टूर्नामेंट की तारीखों और स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी। हॉकी इंडिया से संबद्ध सभी राज्य सदस्य इकाइयां इस आयोजन में भाग लेने के लिए पात्र हैं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र खिलाड़ियों को अपनी संबंधित सदस्य इकाइयों से संपर्क करना होगा। इन खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया की सदस्य इकाई की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करना होगा।

## गुजरात टाइटंस और केकेआर के खिलाड़ियों को टी20 इंटरनेशनल डेब्यू का मौका

नई दिल्ली।भारतीय क्रिकेट टीम टी20 में इस वक्त बदलाव के दौर से गुजर रही है। टीम इंडिया के लिए पिछले कई साल से खेल रहे विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास का ऐलान कर ही दिया है, इसके बाद अब बीसीसीआई नए और युवा खिलाड़ियों को मौका देने का पूरा मन बन चुकी है। बड़ी बात ये है कि भारत बनाम जिम्बाब्वे सीरीज से ही इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। इस बीच आईपीएल 2024 में अपनी अपनी टीमों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन और खिलाड़ियों को भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। इसमें से दो ने तो अभी तक टी20 इंटरनेशनल में अपना डेब्यू तक नहीं किया है।



भारत बनाम जिम्बाब्वे सीरीज के लिए बीसीसीआई ने पहले ही टीम का ऐलान कर दिया था, लेकिन सीरीज स्टार्ट होने से ऐन पहले टीम में कुछ बदलाव किए गए हैं। पहले संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल और शिमव दुबे को भी टीम में जगह मिली थी, लेकिन ये खिलाड़ी अभी तक बारबाडोस से वापस नहीं आ सके हैं।

बीसीसीआई की ओर से बताया गया है कि संजू सैमसन, शिमव दुबे और यशस्वी जायसवाल पहले दो मैच की टीम से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को टीम में लिया गया है। इसमें से केवल जितेश शर्मा ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पहले भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल खेल चुके हैं। साई सुदर्शन ने भारत के लिए वनडे खेला है, लेकिन टी20 इंटरनेशनल में उन्हें डेब्यू का इंतजार है। हर्षित राणा तो पहली बार भारतीय टीम में शामिल किए गए हैं। यानी अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो हर्षित राणा और साई सुदर्शन को टी20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम के लिए डेब्यू का मौका मिल सकता है। साई सुदर्शन आईपीएल में अपनी टीम गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे थे, वहीं हर्षित राणा केकेआर के लिए खेल रहे थे। इन दोनों ने ही अपनी अपनी टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

## धर्मांतरण पर हाईकोर्ट ने धार्मिक सभाओं पर रोक लगाई

नई दिल्ली। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि अगर धार्मिक सभाओं में ऐसे ही धर्मांतरण होता रहा तो एक दिन भारत की बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक में बदल जाएगी। यूपी में दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि धर्मांतरण करने वाली धार्मिक सभाओं पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस प्रकार के आयोजन अनुच्छेद 25 के तहत आने वाले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के खिलाफ हैं।



हाईकोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 25 किसी को धर्म को मानने और पूजा करने के साथ-साथ अपने धर्म के प्रचार की स्वतंत्रता देता है। कोर्ट ने कहा कि धर्म प्रचार किसी को धर्म परिवर्तन कराने की अनुमति नहीं देता है। न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि गरीब लोगों को गुमराह कर ईसाई बनाया जा रहा है। ऐसे में धर्म परिवर्तन के आरोप को देखते हुए याचिकाकर्ता को जमानत नहीं दी जा सकती है। न्यायाधीश रोहित रंजन अग्रवाल ने इस मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि संविधान धर्म के प्रचार की छूट देता है लेकिन धर्म बदलवाने की नहीं।

न्यायाधीश रोहित रंजन अग्रवाल ने यह कहते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी कि हिंदुओं को ईसाई बनाने के आरोपी कैलाश को रिहा नहीं किया जा सकता। आरोपी ने गांव के सभी लोगों को ईसाई बना दिया। मामले में रामकली प्रजापति की ओर मामला दर्ज करवाया गया था। रामकली ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कैलाश उसके मानसिक रूप से बीमार भाई रामफल को इलाज के लिए दिल्ली लाया था। उसने कहा कि वह उसके भाई का इलाज कराकर गांव ले आएगा।

रामकली ने बताया कि उसके भाई को कैलाश काफी दिनों तक वापस नहीं लाया। फिर एक दिन वह गांव आता है और कई लोगों को दिल्ली में आयोजित किए गए एक आयोजन में ले गया। यहां सभी लोगों का धर्म परिवर्तन कराकर ईसाई बना दिया। इसके बदले में रामकली के भाई को पैसे भी दिए गए।

## हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ सेबी का एक्शन, कारण बताओ नोटिस किया जारी

नई दिल्ली। अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने वर्ष 2023 में एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में उसने अदाणी ग्रुप पर स्टॉक मैनिपुलेशन से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे कई आरोप लगाए थे। हालांकि, 2023 के अंत में अदाणी ग्रुप को इन आरोपों से छुटकारा मिल गया था। अब भारत के मार्केट रेगुलेटर सेबी ने अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ एक्शन लिया है। सेबी ने अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च को कारण बताओ नोटिस भेजा है।

सेबी द्वारा मिले नोटिस पर फर्म ने रिएक्ट किया और 1 जुलाई को पब्लिश अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि सेबी ने नोटिस में कहा गया है कि हमने नियमों का उल्लंघन किया है। दरअसल, सेबी ने आरोप लगाया है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में कुछ गलत बयान शामिल थे जिससे पाठक गुमराह हुए। हिंडनबर्ग ने कारण बताओ नोटिस को बकवास और पूर्व निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति के लिए मनगढ़ंत करार दिया।

हिंडनबर्ग ने अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि हमारे विचार से सेबी की जिम्मेदारी निवेशकों की रक्षा करना है, जबकि सेबी धोखाधड़ी करने वालों की रक्षा कर रहा है। इसके आगे फर्म ने कहा कि भारतीय बाजार के सूत्रों के साथ हमारी चर्चा हुई थी और हमने पाया कि हमारी रिपोर्ट पब्लिश होने के बाद सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने अदाणी ग्रुप की सहायता करना शुरू कर दिया था।

## रेलवे ने 13 ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनों की सेवाएं 31 तक बढ़ाई

नई दिल्ली। रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। उत्तर रेलवे ने अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए जनता की सुविधा के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों के विस्तार की घोषणा की। उत्तर रेलवे के बयान के मुताबिक, यात्रियों के अलग-अलग गंतव्यों तक सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे ने 31 जुलाई तक कई ट्रिप वाली 13 ट्रेनें जारी रखने का फैसला किया है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस के मुताबिक, आम जनता की सुविधा के लिए, रेल यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए निम्न समर स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए हैं।

### उत्तर रेलवे ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सूची

साबरमती और हरिद्वार के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 09425/09426, 11 जुलाई, 2024 से 31 जुलाई, 2024 तक अतिरिक्त फेरे लगाएगी, जो प्रत्येक दिशा में कुल छह फेरे होंगे।

वडोदरा और मऊ के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 09195/09196, 31 जुलाई, 2024 तक क्रमशः शनिवार और रविवार को चार और फेरे लगाएगी।

अहमदाबाद और दानापुर को जोड़ने वाली ट्रेन संख्या 09417/09418, जुलाई के अंत तक क्रमशः सोमवार और मंगलवार को पाँच फेरे लगाएगी।

भावनगर टर्मिनस और दिल्ली कैंट के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 09557/09558, 31 जुलाई, 2024 तक क्रमशः शुक्रवार और शनिवार को चार ट्रिप के लिए विस्तारित की जाएगी।

साबरमती से पटना तक चलने वाली ट्रेन संख्या 09405/09406, जुलाई के अंत तक क्रमशः मंगलवार और गुरुवार को पांच ट्रिप के लिए विस्तारित की जाएगी।

मुंबई बांद्रा टर्मिनस और श्रीदेवी कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 09097/09098, 31 जुलाई, 2024 तक क्रमशः रविवार और मंगलवार को चार और ट्रिप करेगी।

हापा और नाहरलागुन (ईटानगर) को जोड़ने वाली ट्रेन संख्या 09525/09526, जुलाई के अंत तक क्रमशः बुधवार और शनिवार को पांच ट्रिप के लिए विस्तारित की जाएगी।

मुंबई सेंट्रल से बनारस तक चलने वाली ट्रेन संख्या 09183/09184 को 31 जुलाई, 2024 तक क्रमशः बुधवार और शुक्रवार को पांच ट्रिप के लिए बढ़ाया जाएगा।

इंदौर और हजरत निजामुद्दीन के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 09309/09310 में जुलाई के अंत तक क्रमशः शुक्रवार, रविवार, सोमवार और शनिवार को आठ अतिरिक्त ट्रिप होंगी। मुंबई सेंट्रल और काठगोदाम के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 09075/09076 को 31 जुलाई, 2024 तक क्रमशः बुधवार और गुरुवार को पांच ट्रिप के लिए बढ़ाया जाएगा।

मुंबई सेंट्रल और कटिहार को जोड़ने वाली ट्रेन संख्या 09189/09190 में जुलाई के अंत तक क्रमशः शनिवार और मंगलवार को चार और ट्रिप होंगी। ओखा से दिल्ली सराय रोहिल्ला तक चलने वाली ट्रेन संख्या 09523/09524 को 31 जुलाई 2024 तक क्रमशः मंगलवार और बुधवार को पांच ट्रिप के लिए बढ़ाया जाएगा।

ग्वालियर और बरौनी के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 04137/04138 को 7 जुलाई 2024 से 1 अगस्त 2024 तक क्रमशः रविवार, बुधवार, सोमवार और गुरुवार को आठ ट्रिप के लिए बढ़ाया जाएगा।

# प्रथम पेज का शेष ....

***हाथरस में सत्संग कार्यक्रम में भगदड़***

इस पूरे मामले की जांच के लिए हमने अतिरिक्त डीजी आगरा की अध्यक्षता में एक टीम गठित की है और उनसे विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। घटना को देखते हुए राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी वहां कैंप कर रहे हैं। राज्य सरकार के तीन मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, संदीप सिंह, असीम अरुण, तीनों मौके पर हैं।

हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार पटेल ने पत्रकारों को बताया कि सिकंदराराऊ तहसील में मुगलगढ़ी नेशनल हाइवे पर फुलरई गांव में आज एक धार्मिक आयोजन के समापन पर उमस के बीच बाहर निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गयी जिससे कई हताहत हुये है। उन्होने कहा कि यह एक निजी कार्यक्रम था जिसकी अनुमति एसडीएम से ली गयी थी और कार्यक्रम के मद्देनजर सभी संभव इंतजाम किये गये थे।

एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पड़ोसी जिले हाथरस में भगवान शिव के सत्संग कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से 27 लोगों की मृत्यु हुयी है जिनके शव यहां मेडिकल कालेज भेजे गये हैं जिनमें 23 महिलायें,तीन बच्चे और एक पुरुष शामिल है जिनकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। इससे ज्यादा की जानकारी उन्हे नहीं है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तहसील में मुगलगढ़ी नेशनल हाइवे पर फुलरई गांव में आज मानव मंगल मिलन सदभावना समागम समिति नामक संस्था ने आज सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालु एकत्र हुये थे। कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से कई लोग हताहत हुये।

***इलेक्ट्राल बांड खरीदने वाली ...***

राजनैतिक दलों को कुल रूपए 16,518 करोड़ का फण्ड मिला था। 15 फरवरी के दिन देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया था। कोर्ट ने कारपोरेट कम्पनियों के द्वारा उनके दान पर कर मुक्ति बाबत चिन्ता व्यक्त की थी। इलेक्ट्राल बांड के केस में टैक्स एथारिटीज की ओर से नोटिस मिलने के बाद कम्पनियों ने वित्त मंत्रालय का इस मामले में हस्तक्षेप करने और आगामी बाजट में राहत देने की मांग की है।

***भोले बाबा... सफेद सूट-बूट पहचान...***

सरकारी नौकरी छोड़कर प्रवचन शुरू किया था। उसका असली नाम नारायण साकार हरि है। एक प्रवचन में बताया था कि वह गुप्तचर ब्यूरो में पदस्थ थे। बाबा के ज्यादातर अनुयायी पश्चिम यूपी, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तराखंड में हैं। उनके कई आईएएस-आईपीएस अफसर चेले हैं। अक्सर उनके समागम में राजनेता और अफसर पहुंचते हैं।

नौकरी छोड़ने के बाद भगवान से हुआ सीधे साक्षात्कार- भोले बाबा यूपी के अलावा आसपास के राज्यों में लोगों को भगवान की भक्ति का पाठ पढ़ाते हैं। अक्सर अपने समागम में कहते हैं- उन्हें नहीं मालूम कि सरकारी नौकरी से आध्यात्म की ओर खींचकर कौन लाया? नौकरी से वीआरएस लेने के बाद भगवान से साक्षात्कार हुआ। भगवान की प्रेरणा से पता चला, यह शरीर उसी परमात्मा का अंश है। इसके बाद उन्होंने अपना जीवन मानव कल्याण में लगाने का फैसला कर लिया। बाबा के पास खुद की प्राइवेट आर्मी- भोले बाबा के पास खुद की प्राइवेट आर्मी हैं। जिनको उन्होंने सेवादार का नाम दिया है। हर मंगलवार को होने वाले कार्यक्रम की पूरी कमान यही सेवादार संभालते हैं। सेवादार देश से आने वाले श्रद्धालुओं के पानी, भोजन से लेकर ट्रैफिक की व्यवस्था करते हैं।

***'कई बार खून का घूंट पीकर रह जाता हूं,...***

करने का आरोप लगाया और कहा कि किसी को लेकर कुछ भी कहना ठीक नहीं है। खरगे और सभापति में नोकझोंक- इसके बाद खरगे फिर खड़े हुए और कहा कि मैं जहां हूं, वह न तो मुझे जयराम रमेश बना सकते हैं और न ही आप। मुझे बनाने वाली यहां बैठी हैं, वह सोनिया गांधी हैं। सोनिया गांधी बगल वाली सीट पर ही बैठी थीं। इस पर सभापति ने कहा कि मैं आपका इतना आदर करता हूं, लेकिन आप उसका एक प्रतिशत भी नहीं करते। मैंने कई मौकों पर आपकी प्रतिष्ठा को बचाने का काम किया है।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए रवाना हुई टीम इंडिया

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम मंगलवार तड़के भारत से रवाना हो गई। पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच छह जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 14 जुलाई को इसी मैदान पर खेला जाएगा। सभी पांच मुकाबले यहीं खेले जाने हैं।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर जिम्बाब्वे के लिए रवाना होने वाले खिलाड़ियों की तस्वीरें साझा कीं। इसमें अभिषेक शर्मा, मुकेश कुमार, ऋतुराज गायकवाड़, आवेश खान, रियान पराग शामिल थे। इस दौरे के दौरान भारत के कोच पूर्व क्रिकेटर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण होंगे। वह भी टीम इंडिया के साथ दिखे।

बीसीसीआई ने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा- जेट सेट जिम्बाब्वे।

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। टीम में टी20 विश्व कप के लिए मुख्य टीम के सिर्फ तीन खिलाड़ी शामिल हैं- यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे और संजू सैमसन। टी20 विश्व कप का हिस्सा बनने वाली बाकी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद जैसे विश्व कप के रिजर्व खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया गया है।

पिछले 12 महीनों में आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करने वाले होनहार युवा खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने सोमवार को टी20 विश्व कप 2024 चैंपियन भारत के खिलाफ अपनी आगामी सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी। पांच मैचों की टी20 सीरीज में जिम्बाब्वे ने भारत का सामना करने के लिए एक युवा टीम का चयन किया है। बेल्जियम में जन्में एंटम नकवी को टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनका जुड़ना उनकी नागरिकता की स्थिति की पुष्टि के अधीन है। घरेलू सर्किट में एंटम नकवी टी20 में 146.80 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी का रिकॉर्ड है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका 72.00 का प्रभावशाली औसत है और लिस्ट-ए क्रिकेट में उनका असाधारण औसत 73.42 है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कदम रखने से पहले उनकी क्षमता को दर्शाता है।

हाल ही में संपन्न टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालिफाई करने में विफल रहने के बाद, जिम्बाब्वे नए मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स के पास टीम को फिर से बनाने की जिम्मेदारी होगी। जिम्बाब्वे ने 27 की औसत आयु के साथ एक युवा टीम चुनी है। सिकंदर रजा 38 साल की उम्र के साथ टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। वह 86 मैचों के साथ जिम्बाब्वे के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। इसके बाद 29 वर्षीय ल्यूक जोंगवे हैं, जिन्होंने 63 मैच खेले हैं।

***जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम-*** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार और तुषार देशपांडे।

***भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम-*** सिकंदर रजा (कप्तान), अकरम फराज, बेनेट ब्रायन, कैंपबेल जॉनथन, चतारा तेंदाई, जोंगवे ल्यूक, काया इनोसेंट, मैडांडे क्लाइव, मधेवेरे वेस्ली, मारुमानी तादिवानाशे, मसाकाद्जा वेलिंगटन, मावुता ब्रैंडन, मुजरबानी ब्लेसिंग, मायर्स डियोन, नकवी एंटम, नगारवा रिचर्ड, शुम्बा मिल्टन।

# यूनिवर्सिटी ने जारी की मेरिट सूची, विद्यार्थियों को 14 जुलाई तक लेना होगा प्रवेश

राजनांदगांव (दावा)। हेमचंद विवि से सबद्ध कॉलेजों में यूजी की पढ़ाई के लिए दूसरे चरण में ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल फिर से खुल गया है। इसके तहत प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए बचे हुए 50 प्रतिशत सीटों के लिए विद्यार्थी आवेदन कर पाएंगे। क्योंकि 50 फीसदी सीटों के लिए पहले चरण में आए आवेदनों में मेरिट सूची जारी हो चुकी है।



दूसरे चरण में आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई निर्धारित है, इसके बाद 7 से 9 जुलाई तक मेरिट सूची जारी होगी और 10 से 14 जुलाई तक विद्यार्थियों को प्रवेश लेना होगा। यूजी और पीजी की पढ़ाई कॉलेजों में 1 जुलाई से शुरू हो चुकी है।

इससे पहले शनिवार को कॉलेजों में पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई है। लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों को 7 जुलाई तक प्रवेश लेना है। प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिले के सबसे बड़े दिग्विजय महाविद्यालय में बीकॉम के लिए 80, बीए में 76 तो गणित में 75 प्रतिशत कटऑफ गया है।

इसी तरह शहर के कमला राठी महिला महाविद्यालय व साइंस कॉलेज सहित जिले के अन्य हेमचंद विवि से सबद्ध सभी कॉलेजों में मेरिट सूची जारी कर दी गई है, जहां विद्यार्थी प्रवेश ले रहे हैं। नई शिक्षा नीति के कारण इस साल प्रवेश लेने की तिथि में कटौती कर दी गई है, प्रवेश प्रक्रिया 14 जुलाई तक पूरी कर ली लाएगी। इसके बाद भी यदि कॉलेजों में सीट बचती है, तो वे उन सीटों पर विद्यार्थी सीधे प्रवेश ले सकते हैं। उसमें पहले आओ पहले पाओ सिस्टम होगा।

# प्रदेश में एक साथ तीन सिस्टम एक्टिव, अगले 72 घंटों तक होगी झमाझम बारिश

रायपुर(दावा)। प्रदेश में रविवार व सोमवार को हुई व्यापक बारिश से अब केवल 24 फीसदी कम बारिश हुई है। जुलाई में होने वाली बारिश से जून में हुई कम बारिश का कोटा पूरा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर छत्तीसगढ़ में आगामी तीन दिनों तक एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं मध्य व दक्षिण छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधियों में कुछ कमी आ सकती है।

पिछले 24 घंटे में प्रदेश में व्यापक बारिश हुई है। हालांकि राजधानी में हल्की बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में यहां महज 5 मिमी बारिश हुई है। जबकि दर्री, पाली व कोरबा में 110 मिमी से ज्यादा बारिश हो गई। वहीं कटघोरा में 90, कोटा व वाड्रफनगर में 80, उसूर, राजपुर, लोरमी व बस्तर में 70, जगदलपुर, रतनपुर व करतला में 60 मिमी पानी बरस गया। बेलगहना, भानपुरी, दोरनापाल, देवभोग में 50 मिमी पानी गिरा। प्रदेश के कई स्थानों पर 10 से 40 मिमी पानी गिरा है।



तीन सिस्टम के असर से प्रदेश में व्यापक बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार दो ऊपरी हवा का चक्रवात व एक द्रोणिका बनी है, जो छत्तीसगढ़ में बारिश कराने में मदद कर रही है। राजधानी में सुबह से काले बादल छाए थे, लेकिन बारिश नहीं हुई। सुबह साढ़े 8 से शाम साढ़े 5 बजे तक महज एक मिमी पानी बरसा।

### इन जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

छत्तीसगढ़ में सरगुजा और बिलासपुर संभाग में अगले 3 दिनों में भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने आज सरगुजा, जशपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, रायगढ़ और कोरबा जिले के लिए हैवी रेन का यलो अलर्ट जारी किया है।

वहीं, अगले 3 दिनों में रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में हल्की बारिश होने के आसार हैं। प्रदेश के 3 जिलों बलौदा बाजार, बीजापुर और सुकमा में औसत से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। 14 जिलों में सामान्य बारिश और बाकी जिलों में औसत से कम बारिश हुई है

### उमस से मिली बड़ी राहत, तापमान सामान्य से कम

काले बादल छाने व बारिश होने के बाद लोगों को उमस से बड़ी राहत मिली है। राजधानी में सोमवार का अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.6 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा, जो सामान्य रहा। सुबह व शाम हवा में आर्द्रता की मात्रा 89-89 फीसदी थी।

इस कारण् हवा में नमी तो थी, लेकिन बादल व बारिश के कारण उमस कम हुई। सोमवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान राजनांदगांव में 32.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं सबसे कम तापमान नारायणपुर में 20.3 डिग्री रहा। मंगलवार को राजधानी में बारिश होने की संभावना है। वहीं अधिकतम तापमान 31 व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है

# अमन बृज नामदेव को विभाग संयोजक तथा जीत प्रजापति को जिला संयोजक की मिली जिम्मेदारी

डोंगरगढ़(दावा)। अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत सह-प्रचारक नारायण नामदेव, अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. आशुतोष मंडावी, मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया एवं विदर्भ प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विक्रमजीत कलाने, अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत अध्यक्ष प्रोफेसर अमित बघेल, प्रांत मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, प्रांत संगठन मंत्री महेश साकेत की उपस्थिति में कबीरधाम में संपन्न हुआ।

जिसमें छत्तीसगढ़ प्रांत भर से 250 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए और विभिन्न सत्रों के माध्यम से संगठन के कार्य पद्धति, आचार पद्धति, विचारधारा के बारे में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें कुछ महत्वपूर्ण संगठनात्मक परिवर्तन भी किए गए इसी कड़ी में कवर्धा निवासी रामशरण चन्द्रवंशी को संगठन द्वारा राजनांदगांव विभाग के विभाग प्रमुख तथा डोंगरगढ़ निवासी अभाविप राजनांदगांव के जिला संयोजक अमन बृज नामदेव को राजनांदगांव विभाग के विभाग संयोजक,



विशाल महासागर का एक बिंदु होना मेरा सौभाग्य है - अमन नामदेव

कु. पूर्वा समर्थ को राजनांदगांव की विभाग छात्रा प्रमुख, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजनांदगांव निवासी जीत प्रजापति को राजनांदगांव जिले के जिला संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी गयी। ज्ञात हो राजनांदगांव विभाग के अंतर्गत अविभाजित राजनांदगांव जिला व कबीरधाम जिला आता है।

### 0 विशाल महासागर का एक बिंदु होना मेरा सौभाग्य है - अमन नामदेव

विभाग संयोजक की नियुक्ति के बाद अमन बृज नामदेव ने संगठन का धन्यवाद करते हुए कहाँ की इस विशाल महासागर का एक बिंदु होना मेरा सौभाग्य ही तो है अर्थात विद्यार्थी परिषद् जैसे दुनिया के सबसें बडे छात्र संगठन का कार्यकर्ता होना ही उनके लिए सौभाग्य की बात हैं। संगठन विस्तार और छात्रहित उनकी पहली प्राथमिकता होगीं और अभाविप में पद नही दायित्व होता है दायित्व अर्थात जिम्मेदारी और विभाग संयोजक का दायित्व मिलने के बाद संगठन के प्रति जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है एबीवीपी को हर कैंपस तथा समाज के हर अंग तक लेकर जाना हैं। विभाग छात्रा प्रमुख का दायित्व मिलने के बाद पूर्वा समर्थ ने कहा कि अभाविप व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है आज वर्तमान समय छात्रा बहनों को प्रत्येक कार्य में आगे आने की आवश्यकता है केवल पढ़ाई, नौकरी , शादी तक सीमित न रहकर समाज में, विद्यार्थियों में सकारात्मक परिवर्तन के लिए आगे आने चाहिए। साथ ही जिला संयोजक राजनांदगांव के दायित्व मिलने पर जीत प्रजापति ने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलना यह बतलाता है की विद्यार्थी परिषद में सभी कार्यकर्ताओ की एहमियत है साथ उन्होंने ने कहा कि संगठन विस्तार व छात्रहित मुद्दे पहली प्राथमिकता होगी।

### विभिन्न पदों पर रहकर उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं अमन नामदेव

नवनियुक्त विभाग संयोजक अमन बृज नामदेव पूर्व में अभाविप डोंगरगढ़ के नगर मंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं वर्तमान में ये राजनांदगांव विभाग के विभाग संयोजक व अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत कार्य समिति के सदस्य है। वर्ग में राजनांदगांव जिले से 10 कार्यकर्ता अपेक्षित थे जिसमें अमन बृज नामदेव, पूर्व समर्थ, जीत प्रजापति, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुलशन भगत, डोंगरगांव नगर मंत्री पंकज यादव, डोंगरगढ़ नगर मंत्री शुभम महोबिया, गंडई से आकाश जयसवाल, ग्रीष्म कालीन विद्यार्थी विस्तारक के रूप में कार्य करने वाले भावेश साहू, पंकज सोनी और अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# गौ माता के साथ अनाचार करने वाले युवक को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले किया

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ के आयुर्वेदिक ग्राम बेलगाँव में गौ माता के साथ अनाचार करने का मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने तत्काल इसकी शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने तत्परता के साथ आरोपी युवक को अपनी हिरासत में लेकर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।




### पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई

ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को अपनी हिरासत में लेकर जांच किया जा रहा है। एसडीओपी आशीष कुंजाम ने बताया कि पुलिस आरोपी के ऊपर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के तारकेश्वर कंवर नामक मजदूर युवक को ग्रामीणों ने मंदिर के समीप गौ माता को यातना देते हुए देखा। ग्रामीणों ने बताया कि, युवक पूर्व में भी ऐसी हरकत कर चुका है। दोनों ही मर्तबा ग्राम प्रमुखों द्वारा आरोपी युवक को समझाइए देकर छोड़ दिया गया था। किंतु इस मर्तबा प्रत्यक्षदर्शियों ने डोंगरगढ़ पुलिस के समक्ष शिकायत आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया है।

# छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा ने सौजन्य मुलाकात की

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा (1990-1999) राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद ने स्थानीय सृष्टि कालोनी निवासी समाज के वरिष्ठ सदस्य इंद्रविलास श्रीवास्तव से 30 जून, रविवार को सौजन्य मुलाकात की। गत कुछेक माहों से स्नायुतंत्र संबंधी रोग से पीड़ित इंद्र विलास श्रीवास्तव के द्वारा नागपुर महाराष्ट्र में भी उपचार लिया जा रहा है।

महासभा के आनंदकुमार श्रीवास्तव, रविन्द्र श्रीवास्तव (मुन्नू भैया), प्रतीक श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव (नवीन मोबाईल), कर्णकांत श्रीवास्तव, प्रभाकर श्रीवास्तव, सन्नी श्रीवास्तव आदि सदस्यों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर मुलाकात करते हुए उनसे कुशलक्षेम की जानकारी ली व पुष्पगुच्छ भेंटकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की व सौजन्य मुलाकात किया।

# एलआईसी खैरागढ़ शाखा ने किया भुलाटोला स्कूल में वृहद वृक्षारोपण



खैरागढ़ (दावा)। आज जुलाई माह की शुरुआत व बारिश की छीटों के मध्य शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भुलाटोला में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) खैरागढ़ शाखा के द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम कर ग्रामवासियों व छात्र-छात्राओं को प्रकृति से जुड़ाव हेतु प्रेरित किया गया। जिसमें एलआईसी की ओर से मुख्य रूप से खैरागढ़ शाखा के प्रबंधक देवेन्द्र कुटारे, विकास अधिकारी सय्यद शौकत अली व बीमा अभिकर्ता एवं सलाहकार नित्य शरण सिंह शामिल थे।

साथ ही माध्यमिक शाला भुलाटोला की प्रधान अध्यापिका श्रीमती संध्या सिंह, अध्यापक अशोक जंघेल सहित अन्य सभी अध्यापकगण व सभी छात्र-छात्राएं भी शामिल थे। वृक्षारोपण के उपरांत एलआईसी परिवार की ओर से शाला को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीण स्वयंसेवी संस्थान से जुड़े युवा दानी कुमार जंघेल व मनभावन वर्मा को भी उत्कृष्ट कार्यो हेतु शाखा प्रबंधक देवेन्द्र कुटारे व विकास अधिकारी सय्यैद शौकत अली के द्वारा क्रमशः पदक (मेडल) के द्वारा सम्मानित किया गया। अध्यापकगणों के द्वारा इस कार्य हेतु एलआईसी परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

# आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमाकान्त शर्मा की सेवानिवृत्ति पर बिदाई समारोह

राजनांदगांव (दावा)। जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमाकान्त शर्मा 30 जून 2024 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने की स्थिति में माह जून 2024 के अंतिम कार्य दिवस 28 जून 2024 को कार्यालय जिला आयुष अधिकारी, राजनांदगांव के सभाकक्ष में डॉ. रमाकान्त शर्मा का बिदाई समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा पाण्डेय, कार्यालयीन स्टॉफ सहित समस्त आयुष अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के अवसर पर अधिकांश अधिकारी/कर्मचारियों ने अपने-अपने विचार व अनुभव व्यक्त किये। डॉ. रमाकान्त शर्मा द्वारा लगभग अपनी 39 वर्ष 03 माह की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होते हुये अपना विचार व्यक्त किये कि उनके द्वारा इतने लम्बे सेवाकाल के दौरान आने वाली कठिनाईयों को सजगता से निर्वहन किया गया। चिकित्सक के रूप में किया गया डॉ. शर्मा का कार्य उल्लेखनीय व सफलतम रहा। शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलगांव में पदस्थ रहने के दौरान शासन द्वारा ग्राम बेलगांव को 'आयुर्वेद ग्राम' का




प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। प्रभारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी पद पर रहने के दौरान डॉ. शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के परिणाम स्वरूप संभाग में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर पदुमतरा को प्रथम पुरुस्कार एवं स्पेशिलाईज्ड थेरेपी सेन्टर डोंगरगढ़ एवं आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर विचारपुर को द्वितीय पुरस्कार शासन द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. शर्मा द्वारा बताया गया कि अपने कार्यकाल के दौरान मातहत सभी अधिकारी/कर्मचारियों के प्रति समान व्यवहार व नीतियों के तहत व एक टीम वर्क तैयार कर शासकीय कार्यों एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों का कुशल संचालन व संपादन कराया गया। सेवानिवृत्ति के अवसर पर डॉ. शर्मा ने उन सभी अधिकारी/कर्मचारियों को, जिन्होंने प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से उन्हें कार्यों में सहयोग व सम्बल प्रदान किया गया, उनके लिए कृतज्ञता व्यक्त की गई। डॉ. शर्मा ने अंत में कहा कि सेवानिवृत्ति पश्चात विभाग से बिदा ले रहा हूँ, मेरे सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान आयुष विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने हर कदम पर साथ दिया, जिसके कारण भी मैं उच्च मानकों को प्राप्त कर सका हूँ। आप सभी सहयोग एवं दिये गये सम्मान का आभारी हूँ। आशा करता हूँ कि सेवानिवृत्ति पश्चात् भी आपका सहयोग निरंतर प्राप्त होता रहेगा। डॉ. शिल्पा पाण्डेय, जिला आयुष अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि लगभग तीन साढ़े तीन माह के कार्यकाल में महसूस किया गया कि डॉ. शर्मा का मार्गदर्शन एवं नेतृत्व बहुत ही अच्छा रहा। डॉ. शर्मा के मृदु व सरल स्वभाव के कारण जिले के अधिकारी/कर्मचारी उनकी कार्यशैली से काफी प्रभावित रहे है तथा डॉ. शर्मा सर का काफी सम्मान करते है। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि डॉ. शर्मा सर सेवानिवृत्त हो रहे है किन्तु उनके अनुभव एवं कार्यशैली का लाभ हम समय-समय पर डॉ. शर्मा सर से लेते रहेंगे। डॉ. पाण्डेय द्वारा डॉ. रमाकान्त शर्मा सहित पूरे परिवार के स्वस्थ्य, सुखद व दीर्घायु रहने की कामना की गई। इस अवसर पर सभी आयुष अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा डॉ. रमाकान्त शर्मा का तिलक लगाकर पुष्पाहार से स्वागत किया जाकर भावभीनी बिदाई दी गई। समारोह का संचालन डॉ. सुरेन्द्र कुमार मेश्राम, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी बघेरा द्वारा किया गया।

# छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के कृषि विज्ञान केन्द्रों की तीन दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-कृषि प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान जोन-9 जबलपुर एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 81 कृषि विज्ञान केन्द्रों की तीन दिवसीय 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में किया गया। कार्यशाला में विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा लगाई गई कृषि प्रदर्शनी के लिए छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढिया मशरूम उत्पादक एवं हिन्दुस्तान किसान उत्पादक संघ अर्जुनी के उत्पादों का स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया गया था। जिसके लिए उत्कृष्ट प्रदर्शनी स्टॉल लगाने के लिए राजनांदगांव के स्टॉल को सम्मानित किया गया।

कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं विभिन्न संस्थानों के निदेशक, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के निदेशक विस्तार सेवाएं तथा छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के

**कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा छत्तीसगढ़िया मशरूम उत्पादक एवं हिन्दुस्तान किसान उत्पादक संघ अर्जुनी के उत्पादों के स्टॉल को उत्कृष्ट प्रदर्शनी स्टॉल के लिए किया गया सम्मानित**

अंतर्गत कार्यरत 81 कृषि विज्ञान केन्द्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख व वैज्ञानिक शामिल हुए। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के विगत वर्ष किये गये कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला में केन्द्र से वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला एवं कार्यक्रम सहायक जितेन्द्र कुमार मेश्राम की सहभागिता रही।

कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर के निदेशक द्वारा विभिन्न फसलों पर खरपतवार नियंत्रण के बारे में बताया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल के निदेशक द्वारा प्याज भण्डार के लिए कम लागत वाली प्याज भण्डारण कक्ष के बारे में, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान इंदौर के निर्देशक द्वारा सोयाबीन की खेती एवं उसके उन्नत किस्मों की जानकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा के निदेशक द्वारा छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश हेतु उपयुक्त बकरी के उन्नत किस्मों की जानकारी एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- केन्द्रीय नींबू वर्गीय फल अनुसंधान संस्थान नागपुर के निदेशक द्वारा नींबू के विभिन्न प्रकार से प्रसंस्करण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. (कर्नल) गिरीश चंदेल थे। समापन समारोह की अध्यक्षता कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन-9 जबलपुर के निदेशक डॉ. एसआरके सिंह ने की। इस तीन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा विगत वर्ष किये गये कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया गया तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया गया।

# पार्रीखुर्द स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय माध्यमिक शाला पार्रीखुर्द, संकुल भर्रेगांव में 1 जुलाई सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्राचार्य श्रीमती एस.विजयन, संकुल समन्वयक भूपेश कुमार साहू, सरपंच बुद्धेश्वर साहू, प्रधान पाठकगण ए.आर. साहू, आर.के. साहू एवं के.पी. ने शाला प्रवेश उत्सव में नव प्रवेशी बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त उपहार निःशुल्क पाठ्य पुस्तक व गणवेश प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। साथ ही साथ बच्चों का मुंह मीठा मिठाई खिलाकर किया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों ने नृत्य के माध्यम से सरकारी स्कूल में मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं का संदेश आमजनो तक पहुंचाया। कार्यक्रम अंतर्गत संकुल समन्वयक द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम में बच्चों का विशेष सहयोग देने वाले शाला के पूर्व छात्र छात्राओ को सम्मानित किया। बच्चों द्वारा इस दिन को यादगार बनाने के लिए परिसर में पौधारोपण भी किया गया। साथ ही अपने पालको के साथ सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर दिवस को यादगार बनाया। कार्यक्रम के समापन के क्षणों में सभी अतिथियों को शाला परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया गया।

# प्रबुद्ध सर्वोदय मंडल की महिलाओं द्वारा विद्या संगोडे को दान परमिता देकर सार्थक पहल की गई

डोंगरगढ़(दावा)। गंभीर बीमारी से जूझ रही विद्या सांगोड़े को समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा खुले हाथ से यथाशक्ति दान परिमिता दिया जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी जिला अध्यक्ष शिवशंकर सिंह एवं पीड़िता परिवार द्वारा प्रबुद्ध सर्वोदय मंडल स्टेशन पारा राजनांदगांव की महिला बिंग का आभार प्रकट किया गया है।



श्रीमती विद्या सांगोड़े को आर्थिक सहयोग करने वालों में सुषमा ढोके, गोल्डी पगार, सरिता ऊके, वर्णमाला पटोले, धनराज बेधे, भूपेंद्र गोसाई, मेश्राम आईएस, सिद्धार्थ डोंगरे, कमलाबाई बंसोड़, प्रणेश पगार, ललिता तिरपुड़े, बसंत, पुष्पा दामले, कौशल्या मेश्राम, प्रशांत रंगारी, विनीत मेश्राम, गीता बोरकर, रेखा गढ़पाले, निशा गजभिए, सुकरता भीमते, महेंद्र गडे, रागारी, मोहन, अर्चना नाग देवी, नरेंद्र ओके, अनिल मेश्राम, कविंद्र नन्हारे, खिलेंद्र लोनारे, योगिता प्रभाकर, रोहन रंगारी, छोटेलाल रामटेके अध्यक्ष, चंद्रकला रामटेके, संजय रामटेके, गीता सोनटेके, राम भोईर, मंदाकिनी मेश्राम, साक्षी रामटेके, पुष्पा रामटेके, प्रभा रामटेके, सुधा नागदेवे, जसवंत रामटेके, कुशला नागदेव, गौरी दुर्गादास रामटेके, अमर लाल चौहान, लावण्या गनवीर, शिव गढ़पायले, नरेंद्र गजभिये, के एम अम्बादे, गजानन्द मेश्राम, संजू रंगारी, केसर रामटेके, सरला बारसागढ़े, बेला मेश्राम, चंद्रकांता रामटेके, गंगा दुर्गे, ममता सुखदेव, कृतिका दामले, रतन मेश्राम, सुमन वैध, कुसुम मेश्राम सहित अन्य शामिल है। दानदाताओं ने सामाजिकगणों से अपील किया कि वह अपने हाथों से आर्थिक सहयोग कर श्रीमती सांगोडे के स्वास्थ्य लाभ की दिशा में सार्थक पहल करें।

# नगर निगम का पाईप लाइन बना अंडरब्रिज निर्माण कार्य में बाधा

## ओवर ब्रिज से आवागमन करने वालों को अभी और झेलनी पड़ सकती है परेशानी, ब्रिज में आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

राजनांदगांव (दावा)। गत वर्ष 15 मार्च को भूमिपूजन कर चालू किया गया स्टेशन पारा अंडरब्रिज निर्माण कार्य सिर्फ इस कारण रूका पड़ा है, क्योंकि अंडरब्रिज निर्माण कार्य के जद में नगर निगम का बड़ा पाईप लाइन आ गया है। पिछले दिनों महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने उक्त पाईप लाइन को अन्यत्र शिफ्ट करने की कही थी लेकिन पाइप लाइन के नहीं हटाए जाने से 6 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाला स्टेशन पारा रेल्वे अंडर ब्रिज का काम रूका पड़ा है।

इस संबंध में रेल्वे वालों का कहना है कि यदि नगर निगम आज उक्त पाईप लाइन हटवा दे तो कल से अंडर ब्रिज का काम रफ्तार पकड़ सकता है। लेकिन निगम उक्त पाईप लाइन को हटाने के लिए रूचि नहीं दिखा रहा। बता दे कि उक्त पाईप लाइन पटरी पार वालों के लिए पानी आपूर्ति की महत्वपूर्ण जीवन रेखा है। बीते दिनों अंडर ब्रिज निर्माण कार्य चलते समय उक्त पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से पटरी पार पानी के लिए त्राहि-त्राहि मच गई थी। क्षेत्र के पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद प्रतिनिधि आसिफ खान आदि ने वार्डवासियों के साथ सड़क पर उत्तर कर प्रदर्शन किया था। उस दिन से उक्त पाईप लाइन की मरम्मत के बाद स्टेशन पारा अंडर ब्रिज का काम रूका पड़ा है। रेल्वे ओवर ब्रिज में हादसा बता दे कि गत वर्ष 15 मार्च से शुरू हुए अंडर ब्रिज निर्माण कार्य के चलते इस रास्ते से आवागमन करने वालों को मजबूरी में रेल्वे ओवर ब्रिज का उपयोग करना पड़ रहा है। इससे ब्रिज पर यातायात दबाव बढ़ गया है। और यातायात जाम की स्थिति बनी रहने से आए दिन हादसे भी होते रहते है। यह ओवर ब्रिज दिव्यांग लोगों के लिए भी मुसीबत का कारण बना हुआ है।

बताते चले कि खैरागढ़, कवर्धा की ओर से शहर आने वाले तथा राजनांदगांव शहर से ठेलकाडीह, घुमका, खैरागढ़ जाने वालों को इसी आवेर ब्रिज से आवागामन करना पड़ता है। इससे इस ब्रिज पर भारी यातायात का दबाव बना रहता है। 28 जून की दोपहर रेल्वे ओवर ब्रिज में स्कूटी व मोटर सायकल की भिंड़त हो गई। इससे स्कूटी सवार दो महिलाए व मोटर सायकल चालक युवक घायल हो गया। दोपहर को हुई इस घटना के चलते ब्रिज में दोनों ओर से वाहनों की जाम लग गई। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद जाम में फसे वाहनों को क्रम से निकलवाया तब कही जाकर आवागमन सुचारू हो सका।



○ दो महिने से रूका पड़ा काम
○ बारिश में भी बंद रहेगा निर्माण कार्य

### गौरीनगर अंडरब्रिज निर्माण प्रगति पर

बता दे कि स्टेशन पारा अंडर ब्रिज निर्माण के लिए पूजन होने के तकरीबन छह महिने बाद गौरी नगर अंडर ब्रिज निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। लेकिन पहले काम शुरू होने के बाद भी स्टेशन पारा अंडर ब्रिज का काम अधूरा पड़ा हुआ है वही गौरी नगर का काम आधे से ज्यादा पूरा हो गया है। रेल्वे सूत्रों की माने तो बारिश के बाद उक्त अंडर ब्रिज चालू भी हो जाएगा। इधर अधर में लटके स्टेशन पारा अंडरब्रिज का काम शहर की ओर जाने वाले रास्ते में सिर्फ शेड निर्माण कार्य हो पाया है। नगर निगम का पाईप इसके जद में आ जाने के कारण काम बंद कर दिया गया है। निर्माण के लिए खोदे गए विशाल गडढे में पानी भरे होने के कारण इस रास्ते से पैदल आवाजाही करने वाले तथा मवेशियों के लिए उक्त गड्ढा मौत को आमंत्रण दे रहा है।

बता दें कि स्टेशन पारा अंडर ब्रिज का कार्य जहां उपरोक्त कारणों से बंद पड़ा है। लेकिन बारिश में भी केवल बिछाने का कार्य चालू रहने की बात कही जा रही है। रेल्वे इंजीनियर श्री मेश्राम ने बताया कि पाइप लाईन हटाने के सम्बंध में स्टेशनपारा पार्षद प्रतिनिधि आसिफ खान से चर्चा हुई है लेकिन इस दिशा में कुछ होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर एमएसएस कम्पनी को अंडर ब्रिज निर्माण का 6 करोड़ में ठेका दिया गया है लेकिन पाईप लाइन आड़े आ जाने से कम्पनी भी चाहकर कुछ नहीं कर पा रही है।

इधर पार्षद प्रतिनिधि आसिफ खान ने बताया कि रेल्वे एसडीओ से इस सम्बंध में चर्चा हुई है। वे निरीक्षण के लिए आ रहे है। एसडीएम का कहना है कि बारिश में गड्ढा खुदाई का काम नहीं हो सकता। बारिश का पानी भर जाएगा। इसलिए अंडर ब्रिज का काम बारिश तक रूका पड़ा रहेगा। इस बीच अंडर ब्रिज से सम्बंधित पटरी के नीचे केबल बिछाने का काम जारी रहेगा। बहरहाल देखा जाए तो साल भर में काम पूरा होने की गारंटी वाले इस अंडर ब्रिज का काम सिर्फ निगम के पाईप लाईन आड़े आ जाने के कारण रूका पड़ा है। निगम द्वारा उक्त पाइप लाइन को अन्यत्र नहीं हटाए जाने का खामियाजा रेल्वे ओवर ब्रिज से आवाजाही करने वालों को उठानी पड़ रही है।

# लोस में गरजे सांसद पाडेय

## बोले-'महादेव' के चक्कर में ही छत्तीसगढ़ में निपट गई कांग्रेस, राहुल को दी संभलकर बोलने की नसीहत

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर हो रही चर्चा में भाग लेते हुये क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने आज लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोलते हुये कहा कि हिंदुओं की सहिष्णुता का श्री गांधी नाजायज फायदा न उठायें, हिन्दू प्रारंभ से ही सर्व-धर्म-समभाव का हितैषी रहा है।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार लोकसभा में अपने भाषण की शुरूआत करते हुये श्री पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव की जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया और कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में कल बार-बार भगवान शंकर के चित्र को दिखा रहे थे, जबकि उन्हे यह नहीं भूलना चाहिये कि भगवान शंकर के नाम पर उनके पूर्व मुख्यमंत्री जिन्हें राजनांदगांव की जनता ने लोकसभा के चुनाव में धूल चटा दिया ने महादेव के नाम पर सट्टा चलाया, छह हजार करोड़ रूपये का गबन किया।

श्री गांधी बार-बार हिन्दुत्व पर चोट कर रहे है, हिन्दुओं को हिंसक व भाजपा को हिंसा फैलाने वाली पार्टी कह रहे है, जबकि जम्मू-कश्मीर में दशकों से हो रहे आतंक किनके द्वारा किया जा रहा है, वे भली-भांति जानते है। इसी प्रकार राजस्थान में एक टेलर की गला रेतकर हत्या किन लोगों ने की वे अच्छी तरह समझ रहे है, कर्नाटक में माबलीचिंग की घटना को कौन लोगों ने अंजाम दिया, पूरे देश में अशांति के टापू बनकर कौन लोग खड़े हैं वे अच्छी तरह जानते हुये भी हिन्दुत्व पर चोट कर रहे है, जिसके लिये उन्हे माफी मांगनी चाहियें। श्री पाण्डेय ने मोदी सरकार के उपलब्धियों को लोकसभा में बताते हुये कहा कि कोरोना काल के भयावह दौर को देश ने देखा है।

पूरी दुनिया भारत की बड़ी हुई आबादी पर फैलते कोरोना को लेकर चिंता प्रकट कर रही थी, किन्तु मोदी जी ने अपनी कुशल प्रबंधन से कोरोना को मात दिया। देश के वैज्ञानिकों को वैक्सीन निर्माण के लिये प्रोत्साहित किया, उन्हे संसाधन उपलब्ध कराया। देश के लोगों को 300 करोड़ से ऊपर वैक्सीन के डोज लगाये गये, दुनियाभर में कोरोना कॉल में भारत ने वैक्सीन सहित कोविड सामग्री की सहायता की, ऑक्सीजन से लेकर सारी चीजों का प्रबंध हुआ। हम कोरोना को मात देने में सफल हुये। देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिये जा रहे है। भारत ने पाकिस्तान सहित चीन की बोलती बंद कर रखी है, कश्मीर में मोदीजी ने वह कर दिखाया जो किसी ने सोच नहीं सकता था।

उधमपुर-श्रीनगर रेलवे मार्ग पर चिनाब पर रेलवे का ऐतिहासिक पुल, जिस पर पूरी दुनिया की नजर थी, बनकर तैयार ही नहीं हुआ बल्कि उस पर ट्रायल भी हो चुका है। विपक्ष के लोग केवल गरीबी की बात करते है, गरीबों के लिए कभी कुछ किया नहीं। सारा देश इस बात को जानता है कि मोदी है तो मुमकिन है।

# लायंस क्लब ऑफ़ नांदगाव द्वारा डॉक्टर्स डे एवं सीए डे मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। 1 जुलाई को प्रतिवर्ष डॉक्टर डे व सीए डे मनाया जाता है। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ़ नांदगाव द्वारा इस वर्ष के नए अध्यक्ष लायन नंदकिशोर खंडेलवाल के द्वारा डॉ. अनिमेष गांधी गांधी नर्सिंग होम, डॉ. राजेश कोचर, डॉ. रोमिल जैन समदा हॉस्पिटल और सीए अजय जैन, सीए मयंक कांकरिया, सीए ऋषभ नाहटा, सीए विवेक शर्मा को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सचिव लॉयन योगेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, लायन ऋषभ नाहटा क्लब प्रशासक, लायन डॉ. आनंद वर्गीस प्रथम उपाध्यक्ष, लायन राजेश कोटड़िया व पूर्व सचिव लायन आकाश चोपड़ा के साथ डॉक्टर व सीए ऑफिस में जाकर सम्मानित किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई उक्त जानकारी सचिव लायन योगेश गुप्ता द्वारा इस प्रेस विज्ञप्ति में जारी की गई।

# सभी भाजपा कार्यकर्ता मां के नाम से एक पेड़ जरूर लगाएं - भूपेंद्र सवन्नी

## चुनाव के बाद संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए बैठकों का दौर शुरू

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत माना जाता है, इसलिए चुनाव के बाद भी कार्यकर्ताओं में निरंतरता बनी रहे, इसलिए लगातार बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। इस परिपेक्ष में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि प्रदेश भाजपा के आवाहन पर तीनों मंडलों की संयुक्त बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई,जिसे प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने संबोधित किया।



भूपेंद्र सवन्नी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए योग दिवस की समीक्षा की। साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस जो की 23 जून से 6 जुलाई तक आयोजित किया गया है, विषय पर विस्तार से बताते हुए कहा कि इस दौरान सभी कार्यकर्ता कहीं ना कहीं एक पेड़ अपनी मां के नाम से जरूर लगाए। और मां के नाम से लगाए गए पेड़ को संरक्षित करने का प्रयास भी करें। नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी के संबंध में भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए परिसीमन पर सक्रिय एवं जागरूक रहने का आह्वान किया, लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी और बताया कि कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय लोकसभा के संयोजक मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे। । पर्यावरण को लेकर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। साथ ही भूपेंद्र सवन्नी ने मन की बात कार्यक्रम को नियमित रूप से सबके बीच सुनने का आव्हान भी किया। लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक बूथ पर भाजपा ने लीड प्राप्त की इसलिए उन्होंने कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए राजनांदगांव की प्रशंसा भी की।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने प्रतिवेदन देते हुए बताया कि भाजपा का संगठन पर्व शुरू हो चुका है, जिसके तहत सदस्यता अभियान प्रारंभ हो चुका है, सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू होगा फिर बूथ का गठन होगा, तत्पश्चात मंडल जिला एवं प्रदेश का गठन होगा,। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी कार्यकर्ता जुट जाएं और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी की संघटनात्मक रचना को मजबूत करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। कार्यक्रम का सफल संचालन गोलू सूर्यवंशी ने किया एवं आभार प्रदर्शन दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवाणी ने किया।

# जनदर्शन में कलेक्टर को नागरिकों ने बताई अपनी समस्याएं

## अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है।

आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

जनदर्शन में ग्राम नवागांव निवासी श्रीमती सुलोचना श्रीवास्तव ने कृषि भूमि का सीमांकन के लिए आवेदन की। इसी तरह छुरिया विकासखंड के ग्राम हर्राटोला निवासी धनराज चंद्रवंशी ने अपने पिता की दुर्घटना से मृत्यु होने पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दावा राशि के लिए आवेदन किया।

कलेक्टर अग्रवाल ने इस आवेदन पर संज्ञान लेते हुए सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित को निराकरण के लिए निर्देशित किया। डोंगरगांव निवासी श्रीमती बिसंनतीन पटेल ने अपनी निजी भूमि से अवैध निर्माण कार्य को रोकने, ग्राम बेंदाड़ी के वार्ड नंबर 4 में और ग्राम जोब के स्कूल मैदान के किनारे सीसी रोड की स्वीकृति के लिए आवेदन किया।

# आज डॉ. रमन सिंह के शहर में अनेक कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आज शहर आगमन हो रहा है। वे अनेक कार्यक्रमों में भाग लेकर देर शाम रायपुर चले जायेंगे।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह दोपहर 11.30 बजे अपने रायपुर स्थित निवास मौलश्री विहार खनिज नगर से दोपहर 11.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे राजनांदगांव आयेंगे। वे यहां पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय आकर उनके नवीन कार्यालय भवन का उद्घाटन करेंगे तथा शहर में लगे सी.सी.टीवी कैमरे एवं ट्रैफिक सिग्नल का भी शुभारंभ करेंगे। इसके बाद दोपहर 1.40 बजे पुलिस लाईन आगमन होगा जहां वे खिलाड़ियों से मुलाकात करेंगे, इसके बाद डॉ. सिंह विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड दोपहर 2.30 बजे पहुंचेंगे जहां वे आम लोगों से मुलाकात कर शाम 04.25 बजे ग्राम बरगा के लिये प्रस्थान करेंगे, वे ग्राम बरगा में पंचायत ट्रेनिंग सेंटर मिशन जल रक्षा का अवलोकन करेंगे।

फिर वृक्षारोपण करेंगे तथा सम्पर्क डिवाइस एवं पाठू लईका पर दीदीयों से चर्चा करेंगे। फिर ग्राम बरगा से रायपुर के लिये प्रस्थान कर जायेंगे।

# कलेक्टर ने जेईई एडवांस में ऑल इंडिया में चौथा रैंक हासिल करने पर रिदम केडिया को किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में रिदम केडिया रायपुर को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। रिदम केडिया जेईई एडवांस 2024 में 14 लाख परीक्षार्थियों के बीच ऑल इंडिया में चौथा रैंक हासिल किया है।

यह परीक्षा विश्व की सबसे कठित परीक्षाओं में से एक है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने रिदम केडिया को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि रिदम केडिया ने



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने आज यहां जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्रों को इस परीक्षा से जुड़ने और सफलता हासिल करने के लिए मोटिवेशनल स्पीच भी दिए। उन्होंने आज पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट विद्यालय एवं सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट विद्यालय में प्रेरणादायी संबोधन प्रस्तुत किया और विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने का मूलमंत्र दिया।

# महापौर हेमा देशमुख अपनी नाकामी छिपाने कलेक्टर की शरण में - खेमिन राजेश यादव

राजनांदगांव (दावा)। महापौर परिषद में ठेका रद्द करने के बाद कलेक्टर के पास हस्तक्षेप करने की मांग पर पलटवार करते हुए भाजपा की तेज तर्रार पार्षद श्रीमती खेमिन यादव ने कहा कि महापौर हेमा देशमुख अपनी नाकामी छिपाने के लिए कमिश्नर के ऊपर नियमों से छेडख़ानी करने का आरोप लगा रही है तथा कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग पर अपनी कमजोरी छिपा रही है। शायद महापौर को नहीं मालूम कि सफाई ठेका की प्रक्रिया क्या है तभी तो पिछले सत्र में अपने सरकार के भरोसे में नियम विरूद्ध कम दर वाले निविदा को निरस्त कर अधिक दर वाले को सफाई ठेका देकर न केवल अपने लोगों को लाभ दिलाया बल्कि निगम एवं शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाया। जब महापौर एवं परिषद के सदस्यों को मालूम था। 30 जून तक सफाई ठेका है तो क्या समय पूर्व महापौर परिषद की बैठक नहीं बुला सकती थी। लगता है महापौर एवं परिषद के सदस्यों की सिर्फ अपने स्वार्थ की पड़ी हुई है। जनता की सुविधा की कोई सुध नहीं है।

पार्षद श्रीमती खेमिन यादव ने महापौर की हठधर्मिता एवं अकर्मणयता के कारण ही पूर्व मुख्यमंत्री को विधानसभा चुनाव शहर की जनता करारी हार का स्वाद चखा दिया है। महापौर शहर को धूल युक्त एवं कचरामय बना दिया। भविष्य में इसका परिणाम कांग्रेस को आगामी नगर निगम चुनाव में भुगतना पड़ सकता है, राजनांदगांव की जनता सब देख रही है।

# अध्यक्ष की कुर्सी के लिए उठापटक का खेल पुन: प्रारंभ

## नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तारीख विहित प्राधिकारी कलेक्टर द्वारा घोषित की गई

डोंगरगढ़ (दावा)। इसी वर्ष होने वाले नगर पालिका चुनाव के पूर्व भाजपा संगठन नगर पालिका परिषद में सत्ताधारी दल कांग्रेस के अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से हटाना चाह रही है। इस मार्ग में अनेक बाधा को पार करते हुए हाईकोर्ट के फैसले के बाद अंततः अविश्वास प्रस्ताव की तिथि जिला कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा 12 जुलाई की घोषित कर दी गई।

भाजपा को अपने पक्ष में 24 में से 16 पार्षदों का समर्थन चाहिए। वर्तमान में भाजपा के पास 14 पार्षदों का खुला समर्थन प्राप्त है। इन 14 पार्षदों में विभिन्न गुटों में बटे नेताओं को समर्थन करने वाले पार्षद भी शामिल है। प्रदेश में कांग्रेस सत्ता के दौरान इसी का लाभ लेते हुए कांग्रेस ने अध्यक्ष की कुर्सी भाजपा से हथियाई थी। एक पार्षद की मृत्यु के पश्चात अध्यक्ष सहित 9 पार्षद कांग्रेस के साथ खुले तौर पर खड़े हैं। इनमें से दो पार्षदों को भाजपा कैसे अपने पक्ष में कर सकती है यह देखने वाली बात होगी। कहीं ना कहीं भाजपा संगठन को प्रदेश में भाजपा की सत्ता होने का लाभ मिलता दिखाई दे रहा है।

### जिला प्रशासन के आदेश के खिलाफ पालिका अध्यक्ष ने हाईकोर्ट से लाया था स्टे

गत 24 मई को पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम के खिलाफ भाजपा के 14 पार्षदों ने उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाया था। जिसके बाद पूरे मामले को देखते हुए जिलाधीश के द्वारा 10 जून को मतदान की तिथि तय की थी। कलेक्टर द्वारा दिए गए आदेश को कांग्रेस ने आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए कानूनी रूप अख्तियार कर हाईकोर्ट की शरण ली थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने पालिका अध्यक्ष सुरेश मेश्राम को स्टे जारी कर सुनवाई जारी रखी थी। पूरे मामले में हाईकोर्ट ने 27 जून को फैसला सुनाते हुए सुदेश मेश्राम द्वारा दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के आदेश को आधार मानते हुए प्रशासन के द्वारा नई तिथि 12 जुलाई को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हेतु आदेश जारी कर दिया गया।




○ 12 जुलाई को होगा अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान
○ विभिन्न स्तरों पर व्याप्त गुटबाजी ने बढ़ाया भाजपा का टेंशन
○ भाजपा संगठन को मिलेगा प्रदेश में भाजपा की सत्ता होने का लाभ

### अविश्वास प्रस्ताव पर 12 जुलाई को होगा मतदान

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद-डोंगरगढ़ को जिला कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि, नगर पालिका परिषद-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में उपस्थिति की सूचना तामिली कराये। पत्र में आगे कहा गया है कि आवेदक राजेश गजभिये, पार्षद वार्ड क्र. 02 एवं अन्य 13 पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव की सूचना न्यायालय कलेक्टर, राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। अविश्वास प्रस्ताव के सम्मिलन दिनांक 12 जुलाई को समय प्रातः 11:00 बजे स्थान-सभागृह नगर पालिका परिषद-डोंगरगढ़ में किया जाना नियत है। इस हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ को अविश्वास प्रस्ताव के सम्मिलन हेतु सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। अतः संबंधित सदस्यो (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदो सहित) को सूचना तामिली हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है। सूचना पत्र अविलंब संबंधितों को तामिली कराया जाकर तामिली रिपोर्ट आज ही भेजना सुनिश्चित करें।

## प्रवेश प्रारंभ

- श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ द्वारा संचालित श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर (हिन्दी माध्यम) नर्सरी से बारहवीं तक, विषय - गणित, जीव विज्ञान, कॉमर्स, कृषि संकाय
- श्री देव आनंद जैन पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) प्री नर्सरी से बारहवीं तक विषय - गणित, जीव विज्ञान ,कॉमर्स संकाय

6267088919,9098837101(हिन्दी माध्यम)
9893067917(अंग्रजी माध्यम)

सचिव
श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com